RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच




वर्ष : 26 | अंक : 47 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, बुधवार, 07 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री हरक सिंह के घर ईडी की रेड

## उत्तराखंड से दिल्ली तक 15 से अधिक ठिकानों पर छापा

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड कांग्रेस के कद्दावर नेता और पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत के ठिकानों पर ईडी छापेमारी कर रही है। ईडी उनके 16 ठिकानों की तलाशी ले रही है। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में छापेमारी की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रवर्तन निदेशालय कथित वन घोटाला मामले में कार्रवाई कर रहा है। दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तराखंड में एक दर्जन से अधिक ठिकानों पर रेड चल रही है।

सूत्रों के मुताबिक, हरक सिंह रावत पर वन घोटाले में संलिप्त होने और मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है।



आज सुबह ईडी की कई टीमें उनके दिल्ली, चंडीगढ़ और उत्तराखंड के ठिकानों पर पहुंची हैं। सुबह से ही छानबीन की जा रही है। हालांकि अबतक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है।

गौरतलब हो पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण छह साल के लिए उत्तराखंड कैबिनेट और भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से बर्खास्त किए जाने के बाद रावत 2022 में राज्य विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हो गए थे।

### वन अधिकारी के ठिकानों पर भी छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तराखंड में भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) के पूर्व अधिकारी किशन चंद के आवास पर छापेमारी की। हरिद्वार के नंद विहार कॉलोनी स्थित घर में छापेमारी की गई। टीम पिछले एक घंटे से किशन चंद के आवास पर ही है। मालूम हो कि किशन चंद पर आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा था। जांच में एक जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2017 तक की अवधि के दौरान किशन चंद ने चल और अचल संपत्तियों के अधिग्रहण/खरीद के साथ-साथ अन्य कार्यों पर 41.9 करोड़ रुपये की राशि खर्च की। इस दौरान चंद की आय 9.8 करोड़ रुपये थी। इस प्रकार, आईएफओएस अधिकारी के पास 32.1 करोड़ रुपये की आय से अधिक संपत्ति जांच में सामने आई थी। छापेमारी को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया मेट्रो में सफर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज दिल्ली की लाइफलाइन कही जाने वाली मेट्रो के सुविधाजनक सफर का आनंद लिया।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पीली साड़ी और मस्टर्ड कलर की स्वेटर पहने नजर आईं। उनकी इस यात्रा का उद्देश्य शहरवासियों के दैनिक अनुभवों से जुड़ना था। राष्ट्रपति की यात्रा का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। मेट्रो में सवारी के दौरान उनके आस-पास दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) के कई अधिकारी भी रहे, जो उन्हें मेट्रो के संचालन को लेकर जानकारी दिये। उल्लेखनीय है कि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कई बार दिल्ली मेट्रो का सफर कर चुके हैं। इस दौरान उन्होंने आमजनों के अनुभवों को महसूस किया साथ ही दिल्ली मेट्रो के संचालन की जानकारी ली थी।



# बिल्डर के कर्मचारी ने लगाया करोड़ों का चूना!

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** बिल्डर कंपनी में कार्यरत कर्मचारी ने कोविड के दौरान लॉकडाउन का फायदा उठाते हुए कई आवंटियों को लाखों रुपए का चूना लगा दिया। आवंटियों से पैसा लेने के बाद कर्मचारी ने बाकायदा उन्हें रसीद (पावती) दी। कुछ समय बाद बिल्डर तथा आवंटियों को पता चला कि कर्मचारी ने फर्जीवाड़ा किया है। बिल्डर कंपनी के प्रतिनिधि ने अपने पूर्व कर्मचारी के खिलाफ थाना सूरजपुर में मुकदमा दर्ज कराया है।

रॉयल गोल्ड लिंक सिटी प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के



अधिकृत प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी कंपनी ग्रेटर नोएडा में एक रेजिडेंशियल और कमर्शियल यूनिट का प्रोजेक्ट विकसित कर रही थी। कोविड-19 के दौरान लॉकडाउन की अवधि में उनकी कंपनी का साइट कार्यालय बंद रहा। 8 जून 2020 को जब कार्यालय खोला गया तो (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कुर्क किये फ्लैट को बेच डाला

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** शाहबेरी में पूर्व गैंगस्टर एक्ट के तहत कुर्क किए गए फ्लैट को दो भाइयों ने एक व्यक्ति को धोखाधड़ी से बेच दिया। आरोपियों ने पीड़ित से साढ़े नौ लाख रुपए भी हड़प लिए। थाना बिसरख में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम परतापुर थाना बीबीनगर जनपद बुलंदशहर निवासी सद्दाम हुसैन ने पुलिस से की शिकायत बताया कि वह शाहबेरी में दुकान चलाता है। इस दौरान उसकी मुलाकात अनीश व अबरार से हुई दोनों भाइयों ने उसे क्रॉउन अपार्टमेंट में अपना फ्लैट बेचने की पेशकश की। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# डस्टबिन में फेंका नवजात शिशु

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा में एक बार फिर माँ की ममता और मानवता को शर्मसार करने का मामला प्रकाश में आया है। सेक्टर-107 की एक सोसायटी में रखे डस्टबिन से एक नवजात का शव मिला है। आशंका जताई जा रही है कि किसी कुंवारी मां ने लोक लाज के भय से ममता और मानवता को शर्मसार करते हुए अपने नवजात बच्चे को डस्टबिन में डाल दिया।

सेक्टर-107 स्थित अट्स वन हमलेट सोसायटी में रखें डस्टबिन पर कुछ परिंदे मंडरा रहे थे। संदेह होने पर समिति की सिक्योरिटी गार्ड ने डस्टबिन में जाकर देखा तो उसके होश उड़ गए। कपड़े में लिपटा एक नवजात शिशु का शव डस्टबिन में पड़ा हुआ था। सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी सूचना तुरंत सोसाइटी के पदाधिकारी को दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस मामले का खुलासा करने के लिए समिति में लगे सीसीटीवी कैमरा की फुटेज को खंगाल जा रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# फांसी लगाकर जान दी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-122 स्थित श्रमिक कुंज में रहने वाले एक व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है जिस कारण आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। श्रमिक कुंज में गौतम सरदार अपने परिजनों के साथ रह रहे हैं। मंगलवार सुबह उनकी पत्नी जब कमरे में पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटके हुए थे। पड़ोसियों की मदद से उन्हें फंदे से नीचे उतर गया लेकिन तब तक (शेष पृष्ठ-3 पर)

# कमरे में लगी आग, दम घुटने से वृद्ध की मौत

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के सेक्टर-122 में कमरे में आग लगने से दम घुटने के कारण एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। फॉरेंसिक टीम मौके पर जांच पड़ताल कर रही है। थाना प्रभारी सर्वेश कुमार ने बताया कि आज सुबह डायल-112 के माध्यम से सूचना मिली कि सेक्टर-122 के डी ब्लॉक में कमरे में आग लगने की वजह से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। उन्होंने बताया कि मूल रूप से कोलकाता निवासी 70 वर्षीय विपुल कुमार मित्रा अपने (शेष पृष्ठ-3 पर)

## क्राइम फाईल

# चोरी की बाइक समेत दो बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चाकू भी बरामद हुआ है।



पकड़े गए बदमाश चोरी की बाइक पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे थे। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि चोरी की बाइक पर दो बदमाश आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने मोरफेस सोसायटी के पास सर्विस रोड पर एक बाइक पर आ रहे दो युवकों को जांच के लिए रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवारों ने भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने उन्हें दबोच लिया। तलाशी में उनके पास से चाकू बरामद हुआ। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# मोबाइल चोर दबोचा 4 मोबाइल बरामद

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना बिसरख पुलिस ने चोरी के मोबाइलों के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए बदमाश के पास से चोरी के चार मोबाइल फोन, तमंचा कारतूस एक बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि लुटेरा चोरी के मोबाइलों को लेकर एक बदमाश हैबतपुर टी पॉइंट के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने हैबतपुर टी पॉइंट के पास चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान सफेद रंग की अपाचे बाइक पर आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा कर बाइक सवार को दबोच लिया। तलाशी में इसके पास से तमंचा, कारतूस व चार मोबाइल फोन बरामद हुए।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाश अपना नाम शिवम पुत्र संजय (शेष पृष्ठ-3 पर)

# प्राधिकरण के इंजीनियर्स पर लटकी कार्रवाई की तलवार!

## सेक्टर-96 की नई बिल्डिंग में भ्रष्टाचार के मामले में विभागीय जांच के आदेश

**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-96 में निर्माणाधीन नोएडा प्राधिकरण के नये भवन के निर्माण में गुणवत्ता के साथ समझौता कर इमारत को कमजोर करने के आरोपियों पर अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

नोएडा के सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण की नई बिल्डिंग तैयार हो रही है। आरोप है कि नोएडा प्राधिकरण में तैनात इंजीनियर ने रिश्वत के चलते अपनी बिल्डिंग को ही कमजोर करवा दिया। आईआईटी दिल्ली की जांच रिपोर्ट में सामने आया कि बिल्डिंग के पिलर कमजोर है। नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम ने अब विभागीय जांच के आदेश दिए हैं।

22 इंजीनियरों की देखरेख में नोएडा प्राधिकरण के नई बिल्डिंग सेक्टर-96 में बनाई जा रही है। बिल्डिंग के बनाने में करीब 231 करोड़ का करोड़ खर्च आ रहा है। लेकिन यह दफ्तर भी भ्रष्टाचार की चपेट में आ गया।

नई इमारत का करीब 70 प्रतिशत से ज्यादा काम पूरा किया जा चुका है। इसकी पहली निर्माण कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा चुका है। नए अनुबंध के तहत एमएस एसटी कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी इसका निर्माण कर रही है। (शेष पृष्ठ-3 पर)



### क्या कहते हैं सीईओ

"अपनी ही बिल्डिंग के निर्माण में घटिया गुणवत्ता के मैटेरियल का प्रयोग करने पर प्राधिकरण की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। प्राधिकरण के सीईओ डा. लोकेश एम का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# तीन किशोरियां लापता, परिजनों ने तीन युवकों पर दर्ज कराया मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** अलग-अलग स्थानों से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। किशोरियों के परिजनों ने चार लोगों के खिलाफ किशोरियों को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के निठारी गांव में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनकी (16 वर्षीय) बेटी सेक्टर-25 की एक कोठी में घरेलू कार्य करती थी। बीते 2 फरवरी को वह घर से काम करने के लिए गई थी इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। उन्होंने जब उसकी तलाश की तो पता चला कि सोनू और शीशपाल नामक युवक उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर भगा ले गए हैं।




थाना सेक्टर-24 क्षेत्र के चौड़ा गांव में किराए पर रहने वाली सोनम (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसकी बेटी 2 फरवरी को घर पर अकेली थी। शाम के समय के बाद ड्यूटी से वापस घर लौटी तो उसे बेटी गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। सोनम ने पड़ोस में रहने वाले रवि नामक युवक पर बेटी के अपहरण का शक जताते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# युवती के नाम पर लाखों का लोन लेकर हड़प गया दोस्त

**नोएडा (चेतना मंच)।** सोशल मीडिया के जरिए युवक से हुई दोस्ती एक युवती को खासी महंगी पड़ी है। जालसाज युवक ने युवती को विश्वास में लेकर उसके नाम पर लाखों रुपए का लोन कराकर पैसे हड़प लिए। पीड़िता ने थाना सेक्टर-24 में जालसाज युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-12 निवासी मोनिका (काल्पनिक नाम) ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म स्नैपचैट और इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी निलेश जिंदल नामक युवक से जान पहचान हुई। निलेश ने खुद को जालंधर का रहने वाला बताया। इसके बाद दोनों के बीच अक्सर बातचीत होने लगी। कुछ समय बाद निलेश ने उसके मोबाइल फोन में 15 16 लोन एप डाउनलोड करा कर उसके नाम से 480000 का लोन ले लिया। निलेश जिंदल के पास उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप का एक्सेस था जिसे उसने सारे पैसों को अपने अकाउंट में ट्रांसफर कर लिया। लोन का पता चलने पर उसने जब निलेश से पैसे मांगे तो उसने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए गाली गलौज की।

पीड़िता के मुताबिक आरोपी निलेश उस पर अपने साथ काम करने का भी दवाब बनाने लगा। इनकार करने पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

# पेशाब करने से टोकना पड़ा भारी

## घर पर हमला कर कईयों को पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थोरा गांव में घर के सामने पेशाब कर रहे युवक को टोकना एक व्यक्ति को खासा महंगा पड़ा। युवक व उसके परिजनों ने पड़ोसी के घर पर हमला बोलकर मारपीट की और कई लोगों को घायल कर दिया।

ग्राम थोरा निवासी जसवंत ने पुलिस की शिकायत बताया कि बीती शाम पड़ोस में रहने वाला ऋतिक पुत्र प्रदीप उसके घर के सामने पेशाब कर रहा था। उसके बेटे संदीप ने जब उसे ऐसा करने से मना किया तो ऋतिक गाली-गलौज करने लगा। आसपास के लोगों ने मामले को शांत करा दिया। (शेष पृष्ठ-3 पर)

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को मिलेगा गर्म भोजन

## • जिलाधिकारी ने किया हॉट-कुक्ड फूड योजना का शुभारम्भ

**नोएडा (चेतना मंच)।** जनपद गौतमबुद्धनगर के नॉन कोलोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों पर 3-6 साल के बच्चों को गर्म भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने बिसरख ब्लॉक के आंगनबाड़ी केंद्र हरौला में हॉटकुक्ड फूड योजना का बच्चों को तहरी भोग परोसकर शुभारंभ किया।

जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में 184 आंगनबाड़ी केंद्र नॉन कोलोकेटेड है, इन पर अब बच्चों को हॉटकुक्ड फूड योजना के अंतर्गत एमडीएम मीनू के अनुसार प्रतिदिन 70 ग्राम भोजन पका कर खिलाया जायेगा, जिसके लिए आवश्यक धनराशि तथा राशन आपूर्ति हो चुकी है। इस अवसर पर जिला अधिकारी द्वारा एनटीपीसी दादरी, आईसीडीएस और सलाम नमस्ते कम्युनिटी रेडियो द्वारा समर्थित न्यूट्री इंडिया अभियान की शुरुआत भी की गई।

जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी और सलाम नमस्ते सामुदायिक रेडियो स्टेशन प्रमुख वर्षा छाबरिया द्वारा जिलाधिकारी को पोषक संवाद ई-पत्रिका का एक मोमेंटो प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी पूनम तिवारी, क्षेत्रीय मुख्य सेविका एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।





## 'लौह-पुरुष'

पहले बिहार के 'जननायक' समाजवादी नेता कर्पूरी ठाकुर और अब भाजपा के शिखर-पुरुष लालकृष्ण आडवाणी को सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत-रत्न' से नवाजने का निर्णय राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के दौर में लिया गया। यह सम्मान प्रधानमंत्री की अनुशंसा पर राष्ट्रपति देते हैं। आडवाणी को 'भारत-रत्न' देने पर राजनीति और धर्म के एक वर्ग को घोर आपत्ति है, क्योंकि वह उन्हें 'सांप्रदायिक नेता' मानता रहा है, लेकिन भाजपा की दृष्टि भिन्न है। भाजपा की स्थापना और बुलंदियों तक पहुंचाने में जिन दो राजनेताओं का प्रथम योगदान रहा है, उन्हें यह सम्मान देकर भाजपा सरकार ने अपना कर्त्तव्य निभाया है। आडवाणी न केवल भारत सरकार में 'लौह-पुरुष' की भूमिका में थे, बल्कि वह ही भाजपा के बुनियादी शिल्पकार और विस्तारक रहे। आज भाजपा देश की सबसे बड़ी, ताकतवर काडर वाली, सत्तारूढ़ पार्टी है, जिसने इन दो सम्मानों के जरिए 'मंडल बनाम कमंडल' वाली राजनीति को 'मंदिर और मंडल' की राजनीति में परिणत करने की कोशिश की है। यह भाजपा का नया राजनीतिक विस्तार साबित होगा। बहरहाल आडवाणी बहुआयामी, व्यापक-विविध प्रतिभाओं के राजनेता रहे हैं। वह छोटी-सी उम्र में आरएसएस के प्रचारक बने, पत्रकारिता भी की, सशक्त लेखक भी रहे, अध्ययनशील ताउम्र रहे और देश के उपप्रधानमंत्री पद तक पहुंचे। गौरतलब यह है कि आडवाणी पर सक्रिय राजनीति के बावजूद एक दाग तक नहीं लगा। वह राजनीति में जिस शुचिता, ईमानदारी, मर्यादा और गरिमा के पक्षधर थे, उन्होंने उन मूल्यों को पूरी शिद्दत से निभाया। आज की राजनीति में ऐसे चमकदार, उजले चेहरे विलुप्त श्रेणी में हैं, लिहाजा आडवाणी को 'भारत-रत्न' देना सार्थक और सुखद लगता है। वह कई बार भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। संसद के दोनों सदनों के सांसद रहे। लंबे समय तक उन्होंने नेता प्रतिपक्ष की भूमिका भी निभाई। अब 96 साल की उम्र में वह संन्यास की अवस्था में हैं, तो उनके परिवार का एक भी सदस्य राजनीति या सरकार में नहीं है। 'भारत-रत्न' देकर आडवाणी के बेदाग सार्वजनिक जीवन को अलंकृत किया गया है। दरअसल आडवाणी तब भारतीय राजनीति की धुरी बने, जब उन्होंने सोमनाथ मंदिर से अयोध्या तक की रथ-यात्रा निकाली थी। रथ-यात्रा पूरी नहीं हो सकी, लेकिन वह उस दौर की सबसे प्रभावशाली राजनीतिक यात्रा साबित हुई। आडवाणी ने धर्म को राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, देशभक्ति से जोड़ा। सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की चिंगारी भी यहीं से भड़की। हिंसा का दौर शुरू हुआ और सरकारों ने दमन-चक्र चलाया। नतीजतन राम मंदिर आंदोलन अधिक लामबंद, एकजुट और उग्र होने लगा। कथित बाबरी मस्जिद का विध्वंस कर दिया गया और भारतीय राजनीति का भविष्य भी तय कर दिया गया। आडवाणी पर मस्जिद तोड़ने या भड़काने-उकसाने का आरोप पूर्वाग्रह हैं, क्योंकि तमाम रिकॉर्ड संरक्षित हैं कि उन्होंने और विहिप के अशोक सिंघल आदि ने कारसेवकों को मस्जिद पर चढ़ने और उसे क्षति पहुंचाने को रोकने के आह्वान किए थे, लेकिन रामभक्तों के रोष, आक्रोश, आक्रामकता ने किसी की नहीं सुनी। शायद यही नियति थी! एक तरह से अच्छा ही हुआ, क्योंकि सर्वोच्च अदालत के फैसले के बाद यह विवादास्पद अध्याय ही बंद हो गया। अब तो राम मंदिर का एक हिस्सा बन चुका है और उसमें प्रभु श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा भी की जा चुकी है। दरअसल यही वह दौर था, जब आडवाणी भाजपा के शिल्पकार साबित हुए और 1996 में पार्टी लोकसभा में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभरी। तब से आज तक भाजपा सर्वोच्च ही रही है। अब तो अकेले दम पर भी पार्टी को ऐतिहासिक जनादेश हासिल है। आडवाणी भाजपा के संगठन-पुरुष थे। उन्होंने पार्टी में नेताओं की दूसरी पीढ़ी तैयार की। प्रधानमंत्री मोदी भी उसी पीढ़ी के सदस्य रहे हैं।

# चुनावी साल का संयमित बजट

आने वाले आम चुनावों में मात्र कुछ माह ही बचे हैं, इसलिए यह अपेक्षा की जा रही थी कि इस बजट में कुछ लोकलुभावन योजनाओं की घोषणा हो सकती है। साथ ही साथ कुछ लोग मान रहे थे कि आयकर में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन ऐसी सभी संभावनाओं को नकारते हुए, अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए वित्तमंत्री ने न केवल राजकोषीय संयम और विवेक का परिचय दिया है, बल्कि बजट के इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए, उन्होंने मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के कामकाज का लेखा-जोखा तो दिया ही, अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी बताया। राजकोषीय घाटा और भी घटा = पिछले बजट में राजकोषीय घाटा के सकल घरेलू उत्पादन (जीडीपी) के अनुपात में 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया था। ऐसा माना जा रहा था कि चूंकि इस वर्ष नॉमिनल जीडीपी कम रहेगी, इसलिए वित्तीय घाटा अनुमान से भी अधिक हो सकता है। लेकिन हुआ यह कि संशोधित अनुमानों में यह घाटा 5.8 प्रतिशत रहने की आशा बजट में की गई है। इससे इंगित होता है कि सरकार ने वित्तीय विवेक का उपयोग करते हुए घाटे को कम रखने का प्रयास किया है। इसका कारण यह है कि सरकार के पास राजस्व पर्याप्त मात्रा में आ रहा है। देश में जो आर्थिक गतिविधियां तेज हुई हैं, उसके कारण वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी), व्यक्तिगत आयकर, कॉर्पोरेट आयकर आदि में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। सरकार का अनुमान था कि राजस्व वृद्धि की दर 10.7 प्रतिशत रहेगी, लेकिन यह वृद्धि दर 15 प्रतिशत रही है। इस बढ़ोतरी के कारण खर्च बढने के बावजूद वित्तीय घाटा कम रहा है।

अगले वित्त वर्ष के लिए सरकार का अनुमान है कि यह घाटा 5.1 प्रतिशत रहेगा। विपक्ष का आरोप था कि सरकार कर्ज का बोझ बढ़ा रही है, लेकिन अंतरिम बजट में कर्ज की सीमा 14.1 लाख करोड़ रुपए रखी गई है। जो कुल उधार है, वह 11.74 लाख करोड़ रुपए ही है। इसका अर्थ यह है कि इस वर्ष सरकार पिछले साल से भी कम कर्ज लेगी। होता यह है कि हर साल कर्ज बढ़ता रहता है। इस बार अभूतपूर्व है कि यह जीडीपी के अनुपात में कम हो रहा है। गौरतलब है कि कर्ज में कमी से महंगाई की आशंका भी कम होती है। वित्तीय घाटा और महंगाई एक-दूसरे के साथ जुड़े हुए होते हैं। इस पर भी सरकार ने समुचित ध्यान रखा है। कुल मिलाकर, जो वित्तीय प्रबंधन है, अर्थव्यवस्था का प्रबंधन है, उस दृष्टि से यह जो अंतरिम बजट है, उसे कोई भी, विपक्ष भी नहीं कह सकता है कि यह एक लोकलुभावन बजट है, जो चुनावी लाभ की दृष्टि से लाया गया है। इस बात में कोई शंका नहीं कि इन सालों में देश और दुनिया के समक्ष सबसे बुरी महामारी तो देखी ही, युद्ध और तनाव की स्थितियों के कारण ग्लोबल वैल्यू चेन के ध्वस्त होने के बावजूद इस सरकार ने अत्यंत बेहतर तरीके से अर्थव्यवस्था का संचालन किया है। 2014 में दुनिया की पांच सर्वाधिक जर्जर अर्थव्यवस्थाओं में से एक से निकालकर भारत को दुनिया की पांच सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में लाने का काम इस सरकार ने किया है। 2020-21 के ऋणात्मक जीडीपी संवृद्धि से बाहर निकालते हुए दुनिया की सर्वाधिक संवृद्धि दर तक लाने का श्रेय भी इस सरकार को जाता है। अर्थव्यवस्था के तमाम आयामों प्रौद्योगिकी, उद्योग, कृषि, सेवा क्षेत्र सभी में भारत आगे बढ़ा है। पिछले 4 वर्षों में लगातार पूंजीगत खर्च बढ़ाया गया है और इस साल भी उसे जारी रखा गया है और इस बार हमारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर 11.11 लाख करोड़ के खर्च का प्रावधान रखा गया है। लोक कल्याणकारी योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी और ग्रामीण), हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना, सभी को बिजली, शौचालय समेत कई अन्य योजनाओं को लागू किया गया। इस अंतरिम बजट में भी इसे आगे बढ़ाया गया है। 2 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण घरों के निर्माण, 2 करोड़ से अधिक महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का कार्यक्रम तो पहले से चल रहे कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का काम तो हुआ ही है, एक करोड़ लोगों को रूफ टॉप सोलर के माध्यम से मुफ्त बिजली देने का प्रावधान, मुफ्त की बिजली उपलब्ध करवाने वाले राज्यों को एक सबक भी है, जिसमें सोलर बिजली के उत्पादन के माध्यम से मुफ्त बिजली का प्रावधान है।

इंफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि, जिसके माध्यम से सड़क, रेल और अन्य प्रकार के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण होगा। समझना होगा कि सड़क, रेल, जल, वायु यातायात इंफ्रास्ट्रक्चर आदि सभी हमारी लॉजिस्टिक लागत को कम करता है जिससे हमारी प्रतिस्पर्द्धा शक्ति बढ़ती है, जिससे हमारे निर्यात बढ़ते हैं और आयात कम होते हैं।

रूफ टॉप सोलर के जरिए एक करोड़ लोगों को मुफ्त बिजली देने का प्रावधान = अंतरिम बजट के माध्यम से सरकार ने मुफ्त बिजली देने वालों के लिए एक नई दिशा देने का भी प्रयास किया है। कई सरकारें मुफ्त बिजली देने की तरह-तरह योजनाएं चला रही हैं। इस संबंध में यह सोचने की आवश्यकता है कि इस तरह की फ्रीबीज को बांटने के लिए धन कहां से आएगा। तो, यह प्रस्तावित किया गया है कि मुफ्त बिजली उन लोगों को दी जानी चाहिए जो अपने घरों पर सोलर पैनल लगाएं। इस प्रकार वे बिजली भी पैदा करेंगे और मुफ्त में बिजली भी हासिल करेंगे। ऐसे प्रयास से देश में स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन भी बढ़ेगा और लोगों को निःशुल्क बिजली भी मिलने लगेगी। हालांकि बजट प्रस्ताव में स्पष्ट नहीं है, पर अगर सरकार को सौर ऊर्जा के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए अनुदान भी देती है, तो वह लाभकारी होगा क्योंकि उसका फायदा 25-30 साल तक मुफ्त बिजली के रूप में मिलता रहेगा। ऐसी सब्सिडी दरअसल भविष्य के लिए एक निवेश साबित होगी। यह एक नई दिशा है। यह उम्मीद करनी चाहिए कि इस पर समुचित चर्चा भी होगी और इसे अमल में लाने का पूरा प्रयास भी किया जाएगा। यह उन राज्य सरकारों के लिए भी एक सबक है जो मुफ्त बिजली की व्यवस्था के लिए अंधाधुंध खर्च कर रही हैं। अब रूफ टॉप सोलर की इस योजना से सरकारी खजाने पर लगातार बोझ डाले बिना टिकाऊ आधार पर 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा सकेगी।

राजकोषीय विवेक और संयम = विपक्षी दल अक्सर यह कहते रहे हैं कि सरकार का कर्ज लगातार बढ़ रहा है। लेकिन समझना होगा कि कोविड-19 की मजबूरी के चलते केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी के 61 प्रतिशत पहुंच गया था। लेकिन उसके बाद सरकार के राजकोषीय संयम के चलते, राजकोषीय घाटा घटते हुए अभी तक 56 प्रतिशत तक पहुंच चुका है। इस वर्ष सरकार ने अपने कर्ज को पिछले साल से भी कम रखा है। इस बार केंद्र सरकार मात्र 14.13 लाख करोड़ रुपए का समग्र और मात्र 11.74 लाख करोड़ रुपए का निवल ऋण लेगी। समझा जा सकता है कि केंद्र सरकार का कर्ज, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में और घटेगा और रेटिंग एजेंसियां भारत की रेटिंग को बढ़ा सकती हैं। इसका असर यह हो सकता है कि निवेशक भारत में और अधिक आकर्षित होंगे। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट की मर्यादा रखते हुए वित्त मंत्री ने राजकोषीय संयम को दर्शाते हुए सरकार की लोकलुभावन कल्याणकारी और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने वाला दस्तावेज पेश किया है, लोक लुभावन योजनाएं नहीं, दीर्घकाल में देश के विकास और लोगों के कल्याण का ध्यान रखा गया है।




**समझा जा सकता है कि केंद्र सरकार का कर्ज, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में और घटेगा और रेटिंग एजेंसियां भारत की रेटिंग को बढ़ा सकती हैं। इसका असर यह हो सकता है कि निवेशक भारत में और अधिक आकर्षित होंगे। निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है कि अंतरिम बजट की मर्यादा रखते हुए वित्त मंत्री ने राजकोषीय संयम को दर्शाते हुए सरकार की कल्याणकारी और विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने वाला दस्तावेज पेश किया है।**

**-डा. अश्वनी महाजन**
**कालेज प्रोफेसर**

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि यदि जीवों को एकरस (अखंड) ज्ञान रहे, तो कहिए, फिर ईश्वर और जीव में भेद ही कैसा? अभिमानी जीव माया के वश है और वह (सत्त्व, रज, तम इन) तीनों गुणों की खान माया ईश्वर के वश में है॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**परबस जीव स्वबस भगवंता। जीव अनेक एक श्रीकंता॥**
**मुधा भेद जद्यपि कृत माया। बिनु हरि जाइ न कोटि उपाया॥**

जीव परतंत्र है, भगवान स्वतंत्र हैं, जीव अनेक हैं, श्री पति भगवान एक हैं। यद्यपि माया का किया हुआ यह भेद असत है तथापि वह भगवान के भजन बिना करोड़ों उपाय करने पर भी नहीं जा सकता॥

**दो0-रामचंद्र के भजन बिनु जो चह पद निर्बान।**
**ग्यानवंत अपि सो नर पसु बिनु पूँछ बिषान॥**

श्री रामचंद्रजी के भजन बिना जो मोक्ष पद चाहता है, वह मनुष्य ज्ञानवान होने पर भी बिना पूँछ और सींग का पशु है॥

**राकापति षोड़स उअहिं तारागन समुदाइ।**
**सकल गिरिन्ह दव लाइअ बिनु रबि राति न जाइ॥**

सभी तारागणों के साथ सोलह कलाओं से पूर्ण चंद्रमा उदय हो और जितने पर्वत हैं उन सब में दावाग्नि लगा दी जाए, तो भी सूर्य के उदय हुए बिना रात्रि नहीं जा सकती॥

**ऐसेहिं हरि बिनु भजन खगेसा। मिटइ न जीवन्ह केर कलेसा॥**
**हरि सेवकहि न ब्याप अबिद्या। प्रभु प्रेरित ब्यापइ तेहि बिद्या॥**

हे पक्षीराज! इसी प्रकार श्री हरि के भजन बिना जीवों का क्लेश नहीं मिटता। श्री हरि के सेवक को अविद्या नहीं व्यापती। प्रभु की प्रेरणा से उसे विद्या व्यापती है॥

**ताते नास न होइ दास कर। भेद भगति बाढ़इ बिहंगबर॥**
**भ्रम तें चकित राम मोहि देखा। बिहँसे सो सुनु चरित बिसेषा॥**

हे पक्षीश्रेष्ठ! इससे दास का नाश नहीं होता और भेद भक्ति बढ़ती है। श्री रामजी ने मुझे जब भ्रम से चकित देखा, तब वे हँसे। वह विशेष चरित्र सुनिए॥

**क्रमशः**

# सांसद चुनाव 2024 की लड़ाई- बिजली पानी शिक्षा पर आई

## घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल शून्य करने पर काम शुरू

***रूफटॉप सोलर योजना- भारत में एक करोड़ घरों के छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया***

गोंदिया-विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र और सबसे अधिक जनसंख्या वाले देश भारत में लोकसभा चुनाव 2024 की बिगुल करीब करीब बज ही गया है।मेरा मानना है कि करीब अप्रैल 2024 में संभावित सात चरणों में लोकसभा चुनाव शुरू होंगे इसका अंदेशा इसी से लगाया जा रहा सकता है कि, कुछ समय से लाखों हजारों करोड रुपए की योजनाओं का पिटारा खोला जा रहा है। विशेष रूप से अंतरिम बजट 2024 में बिजली जो हर व्यक्ति के जीवन का जरूरी अंग बन गया है उसके बारे में रूफटॉप सोलर योजना के बारे में कहा गया है जिसका उल्लेख माननीय पीएम ने 22 जनवरी 2024 को पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता कर एक करोड़ घरों पर रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा था, जिसे अब बजट 2024 में उतारा गया है, इसी का उल्लेख माननीय पीएम ने आज दिनांक 4 फरवरी 2024 को असम के गुवाहाटी दौरे पर 11 हज़ार करोड़ की योजनाओं की घोषणा करते हुए देशवासियों के घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिल 300 यूनिट तक शून्य करने पर काम शुरू होने की बातें कही। बता दें यह बिजली पानी शिक्षा फ्री करने की दूर की कौड़ी अन्ना हजारेआंदोलन से लेकर शुरू हुई थी जिसे कर्मठ कार्यकर्ता दिल्ली के सीएम ने पहली बार दिल्ली में फिर पंजाब में भी उतार कर काफी प्रशंसा बटोरी थी। अब हर राज्य व केंद्र सरकार की बिजली शिक्षा पानी फ्री करने सर्वाधिक तेजी से काम कर रहे हैं।यानें इस मुद्दे को राजनीतिक दलों द्वारा लपकना जनता के लिए काफी फायदेमंद सौदा साबित हुआ है। इसलिए रूफटॉप सोलर योजना को एक करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं तक पहुंचाने का काम तेजी से शुरू होगा। मेरा मानना है किलोकसभा चुनाव 2024 की कवायत अब जीतने के लिए नहीं बल्कि रिकॉर्ड 400 प्लस सीटें बनाने के लिए की जा रही है, क्योंकि जीतना तो करीब निश्चित हो चुका है पर देखना यह है कि 400 प्लस और 50 फ़ीसदी से अधिक वोटिंग का टारगेट होता है या नहीं। चूंकि आज पीएम ने फिर 300 यूनिट्स बिजली बिल शून्य पर काम शुरू होने की बात कही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, रूफटॉप सोलर योजना भारत में एक करोड़ घरों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा।

साथियों बात अगर हम रूफटॉप सोलर पैनल और सब्सिडी की करें तो, यह घर की छत पर लगाए जाते हैं। इन पैनलों में सोलर प्लेट लगी होती है। यह ऐसी तकनीक है जो सूर्य की किरणों से ऊर्जा सोखकर बिजली प्रोड्यूस करती है। पैनल में फोटोवोल्टिक सेल्स लगे होते हैं जो सौर ऊर्जा को बिजली में तब्दील कर देते हैं। यह बिजली वही काम करती है जो पावर ग्रिड से आई बिजली करती है। 3 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगाने पर 40 प्रतिशत सब्सिडी दी जाती है।10 किलोवाट के पैनल लगाते हैं, तो सरकार आपको 20प्रतिशत सब्सिडी देगी। रूफटॉप सोलर योजना के तहत सब्सिडी 31 मार्च 2026 तक दी जाएगी।सरकार का लक्ष्य से पीछे रह जाने का एक कारण कोविड-19 महामारी के कारण आई काम में रुकावट रहा था। हालांकि, उससे पहले भी सोलर पावर की ग्रोथ तय टारगेट के हिसाब से तेज नहीं रही थी। सरकार का रूफटॉप सोलर सिस्टम्स के लिए 40 गीगावॉट का लक्ष्य अब 2026 तक हासिल किया जाना है।1 करोड़ परिवारों को मिलेगी सुविधा, जानें इसे लगवाने की प्रोसेस, रूफटॉप सोलर से हर महीने 300 यूनिट तक फ्री बिजली=1 करोड़ परिवारों को मिलेगी सुविधा, 1 फरवरी को पेश हुए अंतरिम बजट में सोलर एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए नई घोषणा हुई। बता दें।2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने नेशनल रूफटॉप स्कीम के तहत 2022 तक देश में 100 गीगावॉट सोलर पावर इंस्टॉल करने का टारगेट रखा था। यह उस समय के मौजूदा लक्ष्य से पांच गुना ज्यादा था। इस कैपेसिटी का चालीस प्रतिशत यानी 40 गीगावॉट-ग्रिड से जुड़े सोलर रूफटॉप सिस्टम्स से लाने का टारगेट था।सरकार का 2022 के लिए 100 गीगावॉट का टारगेट लंबे अंतर से चूक गया। रूफटॉप इंस्टॉलेशन का टारगेट भी पूरा नहीं हो सका है। पिछले साल के आखिरी में देश में टोटल सोलर इंस्टॉल कैपेसिटी 73.3 गीगावॉट तक पहुंच गई थी, जिसमें ग्रिड से जुड़े रूफटॉप सोलर सिस्टम्स का योगदान लगभग 11 गीगावॉट था रूफटॉप सोलर सिस्टम से 8 रुपए प्रति दिन में 25 साल तक मिलेगी बिजली, अगर हमारा बिजली बिल 2,500 से 3, हज़ार के बीच आता है तो 3केडब्लू के सोलर प्लांट से आपके पूरे घर की बिजली की पूर्ती हो सकती है। सरकार की ऑफिशियलवेबसाइट के अनुसार, 3केडब्लू के प्लांट के लिए प्रोजेक्ट कॉस्ट करीब 1.26 लाख रुपए होती है,इसमें से सरकार 54 हजार की सब्सिडी देती है।यानी आपको इस प्लांट को लगाने के लिए करीब 72 हजार रुपए ही खर्च करने होंगे। इस प्लांट की अनुमानित लाइफ 25 साल की है। इस हिसाब से 25 साल की बिजली के लिए हर दिन हमको केवल 8 रुपए खर्च करने होंगे। सोलर पैनल की क्वालिटी और अन्य सर्विसेज के आधार पर कीमत बढ़ भी सकती है। हालांकि, ये कैसे होगा इसके बारे में सरकार ने अभी जानकारी नहीं दी है।ग्रिड-कनेक्टेडरूफटॉप सोलर सिस्टम के क्या फायदे हैं?(1) उपभोक्ता को बिजली बिल में बचत।(2) छत की खाली जगह का उपयोग, अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता नहीं।(3) ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन (टी एंड डी) लाइनों की कोई अतिरिक्त आवश्यकता नहीं।(4) बिजली की खपत और उत्पादन के संतुलित होने से टी एंड डी हानि कम हो जाती है।(5) टेल-एंड ग्रिड वोल्टेज में सुधार और सिस्टम कंजेशन में कमी।(6) कार्बन उत्सर्जन में कमी करके दीर्घकालिक ऊर्जा और पारिस्थितिक सुरक्षा।(7) डिस्कॉम/यूटिलिटी द्वारा दिन के समय पीक लोड का बेहतर प्रबंधन।

साथियों बातअगर हम पीएम सूर्योदय योजना की करें तो, सूर्योदय योजना के तहत सरकार आर्थिक रूप के कमजोर लोगों के घरों पर रूफटॉप सोलर इंस्टॉल करेगी। इससे उनकी खुद की बिजली की जरूरत तो पूरी होगी ही, साथ ही एक्स्ट्रा इलेक्ट्रिसिटी बेचकर कमाई भी कर सकेंगे। योजना के ऐलान के साथ ही पीएम ने इस कैंपेन के जरिए बड़ी संख्या में लोगों को जोड़ने की बात कही है।सूर्योदय योजना के तहत 1 करोड़ घरों का टारगेट नया है। हालांकि, घर की छतों पर सोलर सिस्टम इंस्टॉल करने का काम सरकार पिछले एक दशक से ज्यादा समय से चल रही सरकारी योजना नेशनल रूफटॉप स्कीम के तहत पहले से कर रही है, लेकिन यह प्रोग्राम तय समय से काफी पीछे चल रहा है। पीएम सूर्योदय योजना के फायदेयह योजना ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने में मदद करेगी।यह योजना लोगों को बिजली के बिलों में बचत करने में मदद करेगी।यह योजना पर्यावरण को स्वच्छ रखने में मददगार साबित होगी। पीएम सूर्योदय योजना का उद्देश्य सोलर रूफटॉफ इंस्टालेशन से घरों में बिजली की आपूर्ति करना है, साथ ही अतिरिक्त बिजली उत्पादन के लिए अतिरिक्त धन भी प्रदान करना है। पीएम ने 22 जनवरी 2024 को यह घोषणा की थी, अनुरोध किया था कि आवासीय उपयोगकर्ताओं को बड़ी संख्या में छत पर सौर ऊर्जा चुनने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक बड़ा राष्ट्रीय अभियान शुरू किया जाए।पीआईबी की 22 जनवरी, 2024 की विज्ञप्ति के अनुसार,भगवान श्री राम के अभिषेक के शुभ अवसर पर अपनी अयोध्या यात्रा के तुरंत बाद, पीएम ने लक्ष्य के साथ पीएम सूर्योदय योजना शुरू करने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। यह योजना गरीब और मध्यम आय वाले परिवारों को उनके बिजली बिल कम करने में मदद करने के लिए है।


उन्होंने कहा-बीते 10 वर्षों में हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया। अब बिजली का बिल भी जीरो करने के लिए हम आगे बढ़ रहे हैं। देश में एक करोड़ घरों के लिए छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने से शून्य बिजली बिल प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त होगा।सोलर रूफ टॉप योजना का ऐलान।पीएम मोदी ने कहा- इस साल के बजट में केंद्र सरकार ने रूफटॉप सोलर की बहुत बड़ी योजना का ऐलान किया है. इस योजना के तहत शुरुआत में एक करोड़ परिवारों को सोलर रूफ टॉप लगाने के लिए सरकार मदद करेगी।


अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि सांसद चुनाव 2024 की लड़ाई- बिजली पानी शिक्षा पर आई।घरेलू उपभोक्ताओं के लिए बिजली बिल शून्य करने पर काम शुरू।रूफटॉप सोलर योजना- भारत में एक करोड़ घरों के छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापना से शून्य बिजली बिल का मार्ग प्रशस्त होगा।


**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकर एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र।**


## राशिफल


माघ कृष्ण- द्वादशी (विक्रम संवत् 2080)


**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। थोड़ा बचकर पार करें।



**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
जीवनसाथी का भरपूर साथ मिलेगा। खुश रहेंगे आप। आनंददायक जीवन गुजारेंगे। स्वास्थ्य अच्छा।



**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
शत्रु स्वंय नतमस्तक होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम रहेगा। प्रेम, संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार बहुत अच्छा।



**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
भावुकता में आकर कोई निर्णय मत लीजिएगा। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक के रखें। बच्चों की सेहत पर ध्यान दें।



**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी संभव है। घर में कुछ उत्सव संभव है। घरेलू सुख में वृद्धि होगी।


**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। किया गया प्रयास सफलता दिलाएगा। स्वास्थ्य अच्छा।


**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। जुबान नियंत्रण में रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।


**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
सुकामरता के प्रतीक बने रहेंगे। आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। स्वास्थ्य बहुत अच्छा। प्रेम,संतान की स्थिति अच्छी है।


**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
खर्च की अधिकता मन को परेशान करेगी। बच्चों से दूरी महसूस करेंगे। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं या थोड़ी दूरी महसूस करेंगे।


**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। यात्रा में लाभ होगा। शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। स्वास्थ्य अच्छा। प्रेम, संतान अच्छा।


**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। उच्चाधिकारियों का आर्शीवाद मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है। प्रेम, संतान अच्छा है। व्यापार अच्छा है।

# सेक्टर-44 के कार्तिक कुंज के पास अवैध झुग्गी बनी जी का जंजाल

## नोटिस देकर शांत हो गए प्राधिकरण के अधिकारी



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-44 कार्तिक कुंज सोसायटी के पास खाली पड़े भूखंड पर झुग्गीवासियों का अवैध कब्जा है। कई बार यहां के निवासियों ने प्राधिकरण में शिकायत की लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई।

सोसायटी के मनीष गुप्ता ने बताया कि वर्क सर्किल-3 के वरिष्ठ प्रबंधक ने 17 जनवरी को नोटिस भी भेजा था तथा अवैध अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी देते हुए कार्यवाही की चेतावनी दी थी। लेकिन प्राधिकरण की इस नोटिस का भी कोई असर नहीं हुआ।

आसपास सैकड़ों झुग्गीवासियों के कारण सोसायटी में चोरी-चकारी समेत अपराधिक वारदातें बढ़ रही हैं। गंदगी के कारण सोसायटी के लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि प्राधिकरण तुरंत यहां पर अभियान चलाकर झुग्गियां हटाये ताकि सोसायटी की गंदगी तथा अपराधिक वारदातों से निजात मिले।

# एमिटी विश्वविद्यालय में आईसीईएसबीडी 2024 का आयोजन




**नोएडा (चेतना मंच)।** छात्रों को उद्यमिता और व्यापार विकास में स्थायीत्व की जानकारी प्रदान करने के लिए एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस द्वारा ''उद्यमिता और स्थायी व्यापार विकास'' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन एफ ब्लाक सभागार में किया गया। इस सम्मेलन का शुभारंभ मजेस्टिक ऑटो के चेयरमैन और मैनजिंग डायरेक्टर महेश मुंजाल, हीरो मोटरकॉप्स के सस्टेनेबेलिटी लीड विनोद थूसु, मटेरियल रिसाइंकलिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया के गर्वरमेंट रिलेशन के प्रमुख गौरव कौल, जस्टडायल के सहसंस्थापक वी कृष्णन्न, एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला और एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशक डा सुजाता खंडाई द्वारा किया गया।

सम्मेलन का शुभारंभ मजेस्टिक ऑटो के चेयरमैन और मैनजिंग डायरेक्टर महेश मुंजाल ने कहा कि धन को बचाना भी धन कमाना है इसी तरह अगर आप वाहन चलाते समय प्रदूषण को उत्पन्न होने से रोकते है तो पर्यावरण संरक्षण में सहायक हो सकते है। श्री मुजांल ने कहा कि वाहने चलाते समय अगर ब्रेक का उपयोग कम करेगें, आगे चलने वाले वाहनों से दूरी बना कर रखें, गति तेज ना करें, वाहनों की नियमित जांच करायें, टायरों में हवा का प्रेशर बना कर रखें आदि से बिना जला हुआ ईंधन कम निकलेगा जिससे प्रदूषण कम फैलेगा। श्री मुंजाल ने कहा कि स्थायीत्व केवल एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नही है हम सभी की जिम्मेदारी है जिससे स्थायी उद्योग के स्थायी उत्पाद का स्थायी उपयोग हो सके।

एमिटी स्कूल ऑफ बिजनेस की निदेशक डा सुजाता खंडाई ने स्वागत करते हुए कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का उददेश्य उद्यमिता और व्यवसाय के विभिन्न कार्यात्मक क्षेत्रों में अपने नवीनतम शोध कार्यो को साझा करने के लिए शिक्षाविदों और शोधकर्ताओं को एक साथ लाने के लिए मंच प्रदान करना है।

सम्मेलन के प्रथम दिन तकनीकी सत्र के अंर्तगत प्रथम सत्र में स्थायी व्यावसायिक अभ्यास के निर्माण के माध्यम से भविष्य के लिए मार्ग तैयार करना विषय पर चर्चा सत्र का आयोजन किया गया जिसमें एवेरी डेनिसन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हेमंत तिवारी, मैकडॉनल्ड के चीफ इर्न्फोमेशन ऑफिसर विनय कुमार, ग्लायकोल के चीफ इर्न्फोमेशन ऑफिसर अतुल गोविल, स्टारशिल्ड टेक्नोलॉजीस की संस्थापक सुप्रीत सिंह, जैक्ससन इंजिनिरिंग लिमिटेंड के प्रमुख अलोक अग्रवाल ने अपने विचार रखे।

# पंचम वार्षिक फाल्गुन महोत्सव को लेकर तैयारी हुई तेज



**नोएडा (चेतना मंच)।** सेक्टर-104 स्थित राजधानी बैंकट में श्री श्याम सेवक परिवार नोएडा- ग्रेटर नोएडा द्वारा पंचम वार्षिक फाल्गुन महोत्सव के आयोजन के लिए परिवार की मीटिंग की गई। मीटिंग का मुख्य उद्देश्य 15 फरवरी को वेडिंग विला में होने वाले वार्षिक महोत्सव को सफल बनाना था। श्री श्याम परिवार के अध्यक्ष सौरभ सिंगघ ने बताया कि इस बार का कीर्तन हर बार से कुछ अलग होगा। इस बार आपको समुद्र मंथन का महा विशाल दृश्य देखने को मिलेगा। मंडल के वरिष्ठ सदस्य अमित गोयल ने बताया कि प्रवेश द्वार पर आपको अयोध्या मंदिर और भगवान राम के दर्शन होंगे।

निखिल अग्रवाल ने बताया कि इस बार बच्चों के लिए विशेष धार्मिक क्विज कम्पटीशन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बच्चों को होली गिफ़्ट दिए जाएंगे।

प्रवीन गर्ग ने बताया कि इस बार सतरंगी थीम पर बाबा के कीर्तन का आयोजन होगा और पूरा माहौल रंगमय होगा। इस संस्था के वरिष्ठ सदस्य नवनीत गुप्ता ने कहा कि इस बार वृंदावन से राधा कृष्ण की विशेष झांकी हमारे बीच रहेगी जोकि पंजाब से आए बैंड के साथ नृत्य प्रस्तुत करेंगी। संस्था के प्रवक्ता विकास जैन ने कहा कि इस बार प्रख्यात हिंदूवादी सनातनी भजन प्रवाहक बरेली से अंजलि द्विवेदी भारत वर्ष के युवा लाड़ले भाई शुभम रूपम अपनी आवाज़ से भक्तों को भाव विभोर करेंगे।

इस अवसर पर लघु अग्रवाल सचिन गोयल निखिल अग्रवाल कपिल लखोटिया सौरव सिंगल अमित गोयल नरेन्द्र गोयल सुभाष गर्ग प्रवीन गर्ग सुंदर मित्तल विनय जैन भारत बंसल प्रिंस जैन राजेश मित्तल नरेन्द्र कुमार गोयल मनोज बंसल यश गर्ग मूलचंद गुप्ता पंकज अग्रवाल मोहन अग्रवाल राजकुमार गुप्ता मनोज जैन वीरेंद्र सिंगल कपिल जैन शुभम गोयल बंटी अग्रवाल विनीत महिपाल पंकज बंसल गौरव बंसल अंकुर बंसल लोकेश कुमार मनोज कुमार संदीप गर्ग रमन जी मनीष सिंगला विवेक अग्रवाल राकेश गोयल मनोज मित्तल संजय अग्रवाल नवीन अग्रवाल राकेश कुमार राजेश जिंदल हरीश जैन विशाल गर्ग सुभाष शर्मा अनिल कुमार ललित गोयल मुकेश गोयल मनीष अग्रवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आरडब्ल्यूए व एओए एनिमल वेलफेयर बोर्ड के दिशा-निर्देशों का करें पालन

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने नोएडा एवं ग्रेटर नोएडा के आरडब्ल्यूए तथा एओए के अध्यक्षों को जानवरों के खिलाफ क्रूरता को रोकने के सम्बन्ध में एडवाइजरी जारी की गयी। जिसमें मुख्यत: उल्लेख किया गया कि एबीसी नियम 2023 और विभिन्न न्यायालयों के आदेश के अनुसार, यह निर्देश दिया गया है कि प्रत्येक सोसाइटी के कुत्तो के क्षेत्र के अनुसार परिसर के भीतर कुत्ते को खिलाने का बिन्दु होने चाहिए।

इन साइटों का चयन एओए द्वारा सोसाइटी के अन्दर कम आबादी वाले क्षेत्रों में स्थानीय फीडरों के परामर्श से किया जाना है। इसलिए यह निर्देशित किया जाता है कि सभी एओए यह सुनिश्चित करें कि एबीसी नियमों और पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के प्रावधानों का सख्ती से पालन किया जाए और अधिकारियों और पशुपालन विभाग द्वारा संचालित सहयोग के लिए आवश्यक कार्रवाई /कदम उठाएं। टीकाकरण अभियान और नसबंदी कार्यक्रम चलाएँ। उन्होंने पंजीकृत समस्त आर0 डब्ल्यू0ए0/ए0ओ0ए0/एन0जी0ओ0 के पदाधिकारियों से कहा कि एनिमल वैलफेयर बोर्ड ऑफ इण्डिया द्वारा जारी गाईडलाईन्स एवं तत्क्रम में जिलाधिकारी द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

# हार्डवेयर की दुकान में चोरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सेक्टर-20 क्षेत्र के निठारी गांव में पेंट एंड हार्डवेयर की दुकान का शटर तोड़कर चोरों ने पेट की बाल्टी व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। निठारी गांव निवासी महावीर शर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसके गांव में ही शर्मा ट्रेडिंग कंपनी के नाम से हार्डवेयर की दुकान है। बीते 4 फरवरी को जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो उन्हें शटर का ताला टूटा हुआ मिला। उन्होंने जब दुकान का निरीक्षण किया तो पता चला कि उनकी दुकान से 60 बाल्टी पेंट एशियन की चोरी हो गई है। गले में रखे 15000 रुपए भी चोरी कर ले गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# लैपटॉप, मोबाइल व पर्स चोरी

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के पंछी विहार देवल कॉलोनी से चोरों ने एक व्यक्ति का लैपटॉप मोबाइल फोन व पर्स चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज।

निजी कंपनी में अकाउंटेंट एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत हरिशचंद्र मिश्रा ने बताया कि बीते 27 जनवरी को किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर से लैपटॉप मोबाइल फोन वापस चोरी कर लिया पर्स में 10000 रूपये की नगदी रखी हुई थी। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेंडर नं.- PU-ALJN-KRJ-MSDAC-T-01-24 दिनांक: 02.02.2024

**ई-निविदा सूचना**

डिप्टी चीफ सिग्नल और टेलीकॉम इंजीनियर/पीयू/अलीगढ़, उत्तर मध्य रेलवे, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाइन (**ई-टेंडरिंग**) के माध्यम से सील **''ओपन टेंडर''** आमंत्रित किया गया है।

**ई-टेंडर नं.:** ई-निविदा संख्या-PU-ALJN-KRJ-MSDAC-T-01-24, दिनांक- 02.02.2024

**अनुमानित लागत (रु.):** 12.74 Cr/- | **बयाना पैसा (रु.):** 787200/-

**कार्य का विवरण:** प्रयागराज मंडल के बाढ़ संभावित स्टेशनों अलीगढ़ (एएलजेएन) और खुर्जा (केआरजे) में एमएसडीएसी का प्रावधान।

**निविदा प्रपत्र की लागत:** 0.00/-, **निविदा बंद करने की तिथि और समय:** 27.02.2024, 15:00 hrs., **स्वीकृति पत्र जारी करने से पूर्ण/अवधि की तिथि:** 10 माह, **निविदा की वैधता:** 90 दिन **नोट- 1.** टेंडर डॉक्यूमेंट के साथ समस्त जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **15:00 बजे** तक उपलब्ध रहेगी। **2.** इ-बिड्स के अलावा किसी प्रकार की बिड्स स्वीकार नहीं की जाएगी। इस कार्य के लिए वेंडर्स अपने क्लास-।।। डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट (CCA अंडर आइटी एक्ट 2000 द्वारा जारी) के साथ IREPS वेबसाइट में रजिस्टर्ड होने चाहिए। **3.** रेट्स जो कि फाइनेंसियल रेट पेज में इंटर किये गए हैं और डिजीटल सिग्नेचर किये गए हैं वही विचार किये जायेंगे रेट्स और कोई भी फाइनेंसियल स्थिति किसी भी रूप में या लेटर हेड संलग्न किया गया हो, वह इगनोर किया जायेगा और विचार नहीं किया जायेगा। **4.** जो भी डाक्यूमेंट्स संलग्न किये गए हैं वे ठेकेदार के द्वारा डिजीटल सिग्नेचर किये गए हो। **5.**सभी डिटेल्स के लिए और बिड जमा करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **213/24(K)**

@northcentralrailway | North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @CPRONCR


# नहर से सड़ा-गला शव बरामद

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना दनकौर क्षेत्र के चांगोली गांव के पास नहर से एक सड़ा गला शव बरामद हुआ है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उक्त व्यक्ति की हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नहर में फेंक दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि चिंगोली गांव के पास नहर में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। शव पुराना होने के कारण सड़ गल गया था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं चर्चा है कि युवक की हत्याकर शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से नहर में फेंका गया है।

## पृष्ठ एक के शेष....

**चोरी की बाइक...**

पूछताछ में बाइक सवारों ने अपना नाम रंजीत पुत्र विजय वर्मा तथा आदेश पुत्र रामवीर बताया। दोनों आरोपियों ने बताया कि उन्होंने यह बाइक करीब 2 महीने पहले जिला करनाल हरियाणा में शराब के ठेके के पास से चोरी की थी। पुलिस से बचने के लिए उन्होंने बाइक के नंबर प्लेट को खोलकर फेंक दिया था। पकड़े गए दोनों बदमाशों ने बताया कि वह चोरी की बाइक पर सवार होकर अपराधी को वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने न्यायालय में पेश किया गया है।

**मोबाइल चोर दबोचा...**

निवासी लाल क्वार्टर सुदामापुरी थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाजियाबाद बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि बदमाश के पास से बरामद चारों मोबाइल फोन पर पेट्रोल लॉक लगे हुए थे जिन्हें वह खोलने में असमर्थ रहा। पूछताछ में शिवम ने बताया कि बरामद मोबाइल फोन उसने अलग-अलग जगह से चोरी किए हैं। आरोपी ने मोबाइल चोरी की कई घटनाओं को अंजाम देना भी स्वीकार किया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

**बिल्डर के कर्मचारी...**

पता चला कि वहां से कंपनी का एक लैपटॉप गायब था। इस लैपटॉप में महत्वपूर्ण गोपनीय डाटा, दस्तावेज, समझौते, डिजिटल हस्ताक्षर, प्रमाण पत्र आदि थे। इसकी शिकायत थाना सूरजपुर पुलिस से की गई थी। बीते 26 नवंबर 2022 को आवंटी मनीषा कुमारी की तरफ से कंपनी को कानूनी नोटिस मिला। नोटिस मिलने पर पता चला कि कंपनी के कर्मचारी विकास राणा पुत्र सुरेश राणा ने मनीषा कुमारी से मिलकर भुगतान की एवज में चार लाख रूपए लेकर उन्हें फर्जी रसीद दे दी थी।

मनीषा कुमारी से पैसे लेने के बाद विकास राणा ने इन पैसों को कंपनी में जमा नहीं कराया था। इस बारे में जब विकास राणा से बात की गई तो उसने अपनी गलती मानते हुए उक्त धनराशि 31 दिसंबर 2022 तक लौटाने का आश्वासन दिया था। इस दौरान पता चला कि विकास राणा ने कंपनी के कुछ पुराने कर्मचारियों के साथ मिलकर कई आवंटियों से लाखों रुपए लेकर उन्हें हड़प कर लिया है।

वीरेंद्र सिंह के मुताबिक विकास राणा ने कंपनी के पुराने कर्मचारियों व अन्य लोगों के साथ मिलकर पूर्ण नियोजित षडयंत्र के तहत कंपनी के नाम से फर्जी कूटरचित दस्तावेज तैयार कर आवंटियों के साथ करोड़ों रुपए की ठगी की है। विकास राणा के इस षड्यंत्र से कंपनी को भी आर्थिक क्षति पहुंची है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर विकास राणा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**डस्टबिन में फेंका...**

वहीं चर्चा है कि किसी कुंवारी मां ने लोक लाज के भय से बच्चे के पैदा होने के बाद उसे डस्टबिन में डाल दिया जिससे उसकी मौत हो गई। बच्चों का सब मिलने के बाद सोसायटी में चहुंओर इसी मामले की चर्चा हो रही है। लोग उसे कलयुगी मां को कोस रहे हैं जिसने अपने जिगर के टुकड़े को डस्टबिन में डालकर मौत के घाट उतार दिया।

बता दें कि डस्टबिन या कूड़े के देर में नवजात शिशु मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। पूर्व में भी विभिन्न थाना क्षेत्र में कई नवजात शिशुओं के शव कूड़े के ढेर व नालों से बरामद हो चुके हैं।

**फांसी लगातार...**

उनकी मौत हो चुकी थी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सेक्टर-113 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। इस कारण आत्महत्या के कर्म का पता नहीं चल पाया है। परिजन भी गौतम सरदार द्वारा आत्महत्या किए जाने के बारे में कोई ठोस वजह नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस तमाम पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

**कमरे में लगी...**

परिजनों के साथ सेक्टर-122 के डी ब्लॉक में रह रहे हैं। आज सुबह उनकी पत्नी जब उनके कमरे में पहुंची तो कमरे का कुछ सामान जला हुआ था और विपुल कुमार मित्रा बिस्तर पर मृत अवस्था में पड़े हुए थे।

थाना प्रभारी ने आशंका जताई कि संभावित रात के समय कमरे में किसी वजह से आग लग गई और दम घुटने के कारण विपुल कुमार मित्रा की मौत हो गई। मौके पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित किए हैं। शवको पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

**कुर्क किये फ्लैट...**

सद्दाम हुसैन के मुताबिक फ्लैट की आवाज में दोनों भाइयों ने उसे 950000 ले लिए और उसके नाम मुख्तारनामा कर दिया। दोनों भाइयों ने कहा कि वह फ्लैट की रजिस्ट्री बाद में उसके नाम कर देंगे। फ्लैट का मुख्तारनामा करने के पश्चात उसने उसमें रहना शुरू कर दिया।

इस दौरान पता चला कि उसे बेचा गया फ्लैट गैंगस्टर अधिनियम के कार्रवाई में थाना बिसरख पुलिस द्वारा कुर्क किया गया है। सद्दाम हुसैन ने बताया कि आरोपियों ने उसके साथ धोखाधड़ी कर कर्क संपत्ति को उसे गलत तरीके से भेज दिया और पैसे भी ले लिए। पीड़ित के मुताबिक दोनों आरोपियों ने कई अन्य लोगों के साथ भी इस तरह के जालसाजी की है।

**तीन किशोरियां...**

पीड़िता के मुताबिक जिस दिन से उसकी बेटी लापता है उसी दिन से रवि भी अपने घर से गायब है।

वहीं थाना सूरजपुर क्षेत्र के ओमिक्रॉन-3 सेक्टर से (15 वर्षीय) किशोरी घर से लापता हो गई। किशोरी के पिता महेश (काल्पनिक नाम) ने बताया कि पड़ोस में रहने वाला फिरासत उसकी बेटी को बहला फुसलाकर भगा ले गया है। पुलिस के मुताबिक पीड़ितों की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस किशोरियों की बरामदगी तथा आरोपियों की गिरफ्तारी का प्रयास कर रही है।

**प्राधिकरण के कई...**

पहले प्राधिकरण की नई बिल्डिंग को बनाने के लिए प्रतिभा इंडस्ट्री लिमिटेड को चुना गया था। उसे 2019 तक निर्माण पूरा करना था। तीन बार एक्सटेंशन देने के बाद निर्माण कार्य की गति काफी धीमी रही। इसलिए कंपनी को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया।

जिस समय कंपनी ने काम करना बंद किया उस समय तक वो टावर-1 में ग्राउंड प्लस तीन फ्लोर और टावर-2 में ग्राउंड प्लस सात फ्लोर और ऑडिटोरियम का स्ट्रक्चर कार्य पूरा कर चुकी थी। यही नहीं टावर-1 में तीसरे फ्लोर तक प्लास्टर कार्य व स्टोन फ्लोरिंग दूसरे फ्लोर तक कर चुका था।कुल लागत बजट 231.91 करोड़ के सापेक्ष फर्म की ओर से 116.05 करोड़ रुपए खर्च किया जा चुका था।

दो साल तक काम बंद रहने के बाद प्राधिकरण ने अक्टूबर में दोबारा से कार्य के लिए निविदा जारी की। इस बार 11 अक्टूबर 2022 को एसटी कंस्ट्रक्शन के साथ प्राधिकरण ने एग्रीमेंट साइन किया। कंपनी ने बचे हुए काम को 92 करो ? 37 लाख रुपए में पूरा करेगी। ये काम 2024 जनवरी तक पूरा करना था। लेकिन आईआईटी की रिपोर्ट ने सभी को चौका दिया। यहां कई स्थानों का मजबूती का आकलन किया गया। जो कमजोर पाए गए। ऐसे में उनकी मरम्मत का काम किया जा रहा है। पहले इसकी डेड लाइन जून 2024 थी। अब अक्टूबर में यहां प्रशासनिक कार्यालय शिफ्ट होगा।

परियोजना का निर्माण 24 हजार वर्गमीटर किया जा रहा है। इसमें दो टावर बनाए जा रहे है। पहला टावर ग्राउंड प्लस 3 यानी चार मंजिल पहले ये 18 मंजिल का बनना था। इसका एरिया 11 हजार 340 वर्गमीटर दूसरा टावर ग्राउंड प्लस सात फ्लोर कुल आठ फ्लोर का। कुल कवर्ड एरिया 14 हजार 840 वर्गमीटर, आडिटोरियम 1780 वर्गमीटर क्षमता 488 नग, प्रथम बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्गमीटर, सेकंड बेसमेंट पार्किंग 19678 वर्गमीटर, परियोजना का कुल बजट 303.92 करोड़, सिविल कार्य के लिए 231.11 करोड़ तथा विद्युत के लिए 72.81 करोड़ रूपये का है।

**युवती के नाम पर...**

उसने उसे बदनाम करने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पीड़िता द्वारा उपलब्ध कराए गए मोबाइल नंबर व बैंक खाते के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

**पेशाब करने से...**

कुछ देर बाद ऋतिक, विमल, लीले व रेखा उसके घर आ धमके। लाठी-डंडों से लैस इन लोगों ने आते ही गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों के हमले में सुधीर, गौरव, राजवती घायल हो गए। शोर-शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

वही सबोता गांव निवासी नीतू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गांव के ही एडिशन और धनी शराब के नशे में उसके घर में घुस आए और गाली गलौज करने लगे। उसने जब गाली-गलौज का विरोध किया तो दोनों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। आरोपियों ने धमकी दी कि अगर उसने रिपोर्ट दर्ज कराई तो वह उसे जान से मार देंगे।


**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया। संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

YEIDA FUTURE IS HERE

प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नौएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर, 201308 (उ.प.)
Toll Free No. 18001808296 वेबसाइट: www.yamunaexpresswayauthority.com

पत्रांक: वाई.ई.ए./GM(P)/2024/880 दिनांक: 05.02.2024

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/केन्द्र शासित/अर्द्धशासिक/सार्वजनिक उपक्रमों के कार्यों का कम से कम चार वर्ष का अनुभव रखने वाले ठेकेदारों/फर्मों से ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। ई-प्रोक्योरमेंट सोल्यूशन द्वारा निविदायें द्विस्तरीय पद्धति से खोली जायेगी।

कार्यालय आदेश संख्या : **वाई.ई.ए./GM(P)/2024/879 दिनांक 05.02.2024** के अनुपालन में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की कार्यों में संविदाकार द्वारा बिल ऑफ क्वान्टिटी (बी.ओ.क्यू.) पर डाले गये 10 प्रतिशत कम दरों तक 0.5 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर तथा उसके पश्चात् 10 प्रतिशत से अधिक कम दरों पर 1.00 प्रतिशत प्रति एक प्रतिशत कम दर पर सिक्योरिटी/परफॉर्मेन्स गारन्टी प्राप्त की जायेगी तथा परफॉर्मेन्स गारन्टी एफ.डी.आर./सी.डी.आर/बैंक गारन्टी/एन.एस.सी. के रूप में न्यूनतम संविदाकार द्वारा अनुबन्ध गठन से पूर्व देनी होगी, जो कार्य के अन्तिम बीजक होने के बाद वापिस होगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम/वर्क सर्किल | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| 1. | Providing and fixing Dry Brick (Kharanja) from primary School to 120.00mtr road and Interlocking tile in Village Dhanori-Khurd YEA Wc-6 | रू. 12.47 लाख |
| 2. | Supply and Stacking of green fooder for chanchli gaushala Yeida Wc-6 | रू. 20.53 लाख |
| 3. | Providing and fixing of Interlocking tile WORK IN VILLAGE Dhanpura (Including Construction of drain ) YEA Wc-6 | रू. 18.76 लाख |
| 4. | Providing and Laying interlocking tiles and drain in Village-Jhajhar yea Wc-06 | रू. 29.62 लाख |
| 5. | Development work in Village Mohamdabad Khera (Including Construction of drain ) yea Wc-06 | रू. 94.28 लाख |
| 6. | Providing and Laying interlocking tiles work in Village Ramner (Including Construction of drain ) yea Wc-06 | रू. 03.12 लाख |
| | जिन्हें दिनांक 09.02.2024 से 23.02.2024 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 26.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | |
| 7. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in (Zone 2 ) group B Yeida. Wc-06 | रू. 89.35 लाख |
| 8. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in(Zone 1 )group A Yeida. Wc-06 | रू. 94.18 लाख |
| 9. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in(Zone 3 )Phase-2 Yeida. Wc-06 | रू. 300.97 लाख |
| 10. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S balance work in(Zone 4 ) Yeida. Wc-06 | रू. 354.76 लाख |
| 11. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in(Zone 5) Yeida Wc-06 | रू. 192.76 लाख |
| 12. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in(Zone 6) Yeida Wc-06 | रू. 128.86 लाख |
| | जिन्हे दिनांक 12.02.2024 से 26.02.2024 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 27.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | |
| 13. | Modification and Maintenance under Operation Kayakalp for J.H.S and P.S School in (Zone 7) Yeida Wc-06 | रू. 288.11 लाख |
| 14. | Construction of Boundrywall of park Near Plot No.-187 and 221 Pocket M in Sector-20 Yeida Wchorti | रू. 34.84 लाख |
| 15 | C/o E-Library room (part-A civil work in Village Atta Gujran YEA Wc-06 | रू. 29.02 लाख |
| 16 | Remaining work of internal Development Work Road Drain Sewerage and Water Supply of Pocket M Sector-20 YEA Wc-02 | रू. 1428.09 लाख |
| | जिन्हे दिनांक 13.02.2024 से 27.02.2024 को 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं की प्री-क्वालीफिकेशन दिनांक 28.02.2024 को प्रातः 11.00 बजे खोली जायेगी। | |

महाप्रबंधक (परियोजना)

## खास खबर

### मेघालय में दो संदिग्ध डकैतों की भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी

शिलांग, एजेंसी। मेघालय के दक्षिण-पश्चिम गारो हिल्स जिले में भीड़ ने तीन संदिग्ध डकैतों को बुरी तरह पीटा, जिससे उनमें से दो की मौत हो गई, जबकि दूसरे का तुरा सिविल अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि दो संदिग्ध डकैतों की पहचान बालेन जी. संगमा (30) और स्केन डी. शिरा (30) के रूप में हुई है, जिन्होंने चोटों के कारण दम तोड़ दिया, जबकि तीसरे की पहचान बेतुवेल डी. शिरा (22) के रूप में हुई है, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। रविवार को हुई घटना के बाद पुलिस जलुआग्रे (मंगसांग गिट्टिम) पहुंची और घायल व्यक्ति को बचाया और मारे गए आरोपियों के शव बरामद किए। पुलिस ने एक मारुति 800 कार, खून के धब्बे वाली लकड़ी और बांस की छड़ें, एक क्षतिग्रस्त मोबाइल हैंडसेट, एक खुखरी (तेज धार वाला हथियार), एक क्षतिग्रस्त कलाई घड़ी, यूनाइटेड गारो पीपुल्स फोरम (यूजीपीएफ) के अध्यक्ष की एक मुहर भी जब्त की। मौके से विभिन्न पहचानपत्र, 1,700 रुपये नकद और यूजीपीएफ पदाधिकारियों के नाम वाली एक नोटबुक मिली। पुलिस के अनुसार, दो संदिग्ध डकैतों को हत्या, फिरौती के लिए अपहरण, जबरन वसूली और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन सहित विभिन्न अपराधों के लिए पहले भी गिरफ्तार किया गया था।

### बिहार में मांझी के बाद चिराग ने भी शुरू की दबाव की सियासत!



पटना, एजेंसी। बिहार में एनडीए की सरकार बनने के बाद सहयोगी दलों द्वारा प्रेशर पॉलिटिक्स की शुरुआत हो गई है। हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के जीतन राम मांझी जहां दो मंत्री पद की मांग कर रहे हैं, वहीं लोजपा (रामविलास) ने भी 11 क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव प्रभारी की घोषणा कर, एक तरह से सीटों की दावेदारी पेश कर दी है। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी की पार्टी हम के चार विधायक हैं। मांझी जिस भी गठबंधन में रहे हैं, उनकी पहचान दबाव की राजनीति करने की रही है। एक ओर मांझी मंत्रिमंडल में दो मंत्रियों की मांग कर रहे हैं, वहीं मंत्रिमंडल में जगह पा चुके हम के नेता संतोष कुमार सुमन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सोमवार को मिलने भी पहुंचे। इधर, लोकसभा चुनाव को लेकर एनडीए में अभी सीट बंटवारा भी नहीं हुआ है लेकिन लोजपा (रामविलास) ने राज्य की 11 लोकसभा सीटों में लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए प्रभारियों का ऐलान कर दिया है। पार्टी ने हाजीपुर, जमुई, खगड़िया, समस्तीपुर, वैशाली, नवादा, गोपालगंज, सीतामढ़ी, वाल्मीकिनगर, जहानाबाद और बेगूसराय में प्रभारियों की नियुक्ति की है। माना जा रहा है कि लोजपा (रामविलास) ने इन सीटों पर दावेदारी ठोक दी है। इन सीटों पर हाजीपुर से चिराग के चाचा पशुपति पारस खुद सांसद हैं। पार्टी के नेता हालांकि इस मामले पर खुलकर बहुत कुछ नहीं बोल रहे हैं। पार्टी के एक नेता ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर कहा कि पार्टी इन सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रही है। अभी सीट बंटवारा नहीं हुआ है, जो भी सीटें मिलेंगी पार्टी वहां से चुनाव लडेगी। पिछले लोकसभा चुनाव में लोजपा के हिस्से छह सीटें आई थी। लेकिन इस साल होने वाले चुनाव में परिस्थितियां बदली नजर आयेंगी। लोजपा में भी दो गुट बन गए हैं, जबकि एनडीए में सहयोगी पार्टियों की संख्या भी पिछले चुनाव से बढ़ी है।

### सर पत्नी ओमान में बंधक है, उसे बचा लीजिए; पति की पुलिस-पीएम से अपील

रायपुर, एजेंसी। छत्तीसगढ़ के एक व्यक्ति ने दावा किया है कि उसकी पत्नी को ओमान में उसके नियोक्ता (एंप्लॉयर) ने बंधक बनाकर रखा है। पत्नी को उसके चंगुल से छुड़ाने के लिए उसने पुलिस की मदद मांगी है। व्यक्ति ने अपनी पत्नी का एक वीडियो भी शेयर किया है, जिसमें दावा किया गया है कि उसकी रिहाई के लिए दो से तीन लाख रुपये की मांग की जा रही है। दुर्ग के अतिरिक्त एसपी अभिषेक झा ने सोमवार को बताया कि जोगी मुकेश नाम के एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई कि वह काम के सिलसिले में ओमान गई अपनी पत्नी से संपर्क नहीं कर पा रहा है। झा से जब इस मामले में अगली कार्रवाई के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि पुलिस केंद्र सरकार से संपर्क करेगी। दुर्ग जिले के निवासी मुकेश ने पीटीआई को बताया कि उसकी पत्नी दीपिका रसोइया का काम करने के लिए पिछले साल मार्च में ओमान गयी थी। उसने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी गुहार लगाई है। मुकेश ने कहा, वह भिलाई (दुर्ग) के खुर्सीपार के एक व्यक्ति के जरिए हैदराबाद के एक एजेंट अब्दुल्ला के संपर्क में आई। एजेंट ने केरल से ओमान तक उसकी यात्रा की व्यवस्था की। हमें (दंपति) शुरू में सूचित किया गया था कि मेरी पत्नी एक रसोइया के रूप में काम करेगी। लेकिन उसे घर का काम करने के लिए मजबूर किया गया। ऐसा 6-7 महीने तक चलता रहा। मैंने उसे एडजस्ट करने के लिए कहा था। मुकेश ने दावा किया कि हाल ही में दीपिका के साथ उसके नियोक्ता ने मारपीट की थी। इसके बाद, मैंने उसके नियोक्ता, जो एक महिला है, से फोन पर बात की और उससे मेरी पत्नी को वापस भेजने के लिए कहा। लेकिन उसने उसकी रिहाई के लिए 2-3 लाख रुपये की मांग की। उसने कहा, मैंने पुलिस से शिकायत की है। मैं प्रधानमंत्री से भी अपील करता हूं कि वह मेरी पत्नी की भारत वापसी सुनिश्चित करें।

# तेलंगाना के कांग्रेस समर्थक सोनिया को खम्मम सीट से लड़ाना चाहते हैं



हैदराबाद, एजेंसी। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सोनिया गांधी से अपील करते हुए कहा कि वे आगामी लोकसभा चुनाव तेलंगाना से लड़ें। रेड्डी ने अपने डिप्टी मल्लू भट्टी विक्रमार्क और राज्य मंत्री पोंगुलेटी श्रीनिवास रेड्डी के साथ दिल्ली में सोनिया गांधी से मुलाकात की और उनसे तेलंगाना की खम्मम सीट से चुनाव लड़ने के लिए कहा।

रेड्डी ने सोनिया गांधी से मुलाकात कर उन्हें बताया कि तेलंगाना कांग्रेस ने एक प्रस्ताव पारित कर उनसे राज्य से चुनाव लड़ने का आग्रह किया है। बता दें कि सोनिया गांधी इस समय उत्तर प्रदेश के राय बरेली से लोकसभा सांसद हैं। वे 2004 से लगातार राय बरेली से जीतती आ रही हैं। सोमवार रात यहां जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, रेड्डी ने कहा कि सोनिया गांधी से राज्य से चुनाव लड़ने का अनुरोध इसलिए किया जा रहा है क्योंकि लोग उन्हें 'मां' के रूप में देखते हैं जिन्होंने तेलंगाना को राज्य का दर्जा प्रदान किया। विज्ञप्ति में कहा गया है कि सोनिया गांधी ने उनके अनुरोध पर कहा कि उचित समय पर फैसला किया जाएगा। रेवंत रेड्डी के साथ उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क और राज्य के राजस्व मंत्री पी. श्रीनिवास रेड्डी भी थे। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार द्वारा लागू किए जा रहे चुनावी वादों के बारे में भी सोनिया गांधी को जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि तेलंगाना सरकार ने जाति आधारित जनगणना कराने का फैसला किया है और इसके लिए तैयारी शुरू कर दी गई है। इस बीच, रेवंत रेड्डी ने रांची में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी मुलाकात की।

**खम्मम सीट का हाल :** तेलंगाना के कांग्रेस समर्थक सोनिया को खम्मम सीट से लड़ाना चाहते हैं। उनका मानना है कि ये सीट कांग्रेस के लिए सुरक्षित रहेगी। हालांकि पिछले तीन चुनावों में कांग्रेस को खम्मम लोकसभा सीट पर हार का सामना करना पड़ा है। तेलंगाना राष्ट्र समिति (अब भारत राष्ट्र समिति) के नामा नागेश्वर राव वर्तमान में दूसरी बार इस निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। पिछले साल विधानसभा चुनावों में बंपर जीत पर सवार होकर कांग्रेस अब अपने इस पुराने गढ़ को फिर से फतेह करना चाहती है। खम्मम निर्वाचन क्षेत्र 1952 में अपनी स्थापना के बाद से कांग्रेस का गढ़ रहा है।

### वाम दलों ने कर लिया राहुल गांधी की सीट का बंटवारा, सीपीआई के खाते में वायनाड

नईदिल्ली, एजेंसी। विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए में सीट शेयरिंग के फॉर्मूले पर अब तक अंतिम मुहर नहीं लग सकी है। इसी बीच कहा जाने लगा है कि गठबंधन के साथी दल सीपीआई की नजरें कांग्रेस नेता राहुल गांधी की केरल की वायनाड सीट पर भी हो सकती हैं। हालांकि, इसे लेकर अब तक अंतिम फैसला नहीं लिया गया है। साल 2019 में वायनाड से 4 लाख से ज्यादा के अंतर से जीत हासिल की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीएफ ने सीपीआई के लिए चुनी चार सीटों में वायनाड को भी शामिल किया है। हाल ही में पार्टी की हैदराबाद में बैठक हुई थी। अब सीपीआई महासचिव डी राजा के हवाले से कहा जा रहा है कि कांग्रेस को वायनाड छोड़ने के लिए कहने पर कोई चर्चा नहीं है। हालांकि, उन्होंने इस बात से इनकार भी नहीं किया है। उन्होंने कहा, एलडीएफ में सीट शेयरिंग फॉर्मूले के बीच वायनाड उन चार सीटों में से एक है, जो सीपीआई के खाते में आई है। फिलहाल, इसे लेकर बात जारी है। पश्चिम बंगाल में हमें तीन सीटें मिली हैं।

### मोदी सरकार ने 10 साल में बनाया आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत तंत्र-अमित शाह



रायपुर। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सिक्योरिटी बियॉन्ड टुमॉरो- फोर्जिंग इंडियाज रेजिलिएंट फ्यूचर विषय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि, 'बीते 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने देश में आंतरिक सुरक्षा का एक मजबूत तंत्र तैयार करने में महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल की है।' इस मौके पर शाह ने 'ओआरएफ फॉरेन पॉलिसी सर्वे' को भी लॉन्च किया।

आजादी के बाद दशकों तक तुष्टिकरण की राजनीति के चलते देश ने चुनौतियों का सामना किया और विकास की राह में कहीं पीछे छूट गया। यह बात जगजाहिर है कि सालों तक आंतरिक सुरक्षा के मामले में देश आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद से ग्रसित रहा, जिसका उदाहरण है जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट। इन क्षेत्रों में न कभी विकास संभव हो सका, न ही कभी कनेक्टिविटी बढ़ाई जा सकी और इंफ्रास्ट्रक्चर हमेशा अधर में लटका रहा। साल 2014 के बाद मोदी जी की ज़ीरो टॉलरेंस की नीति और आतंकवाद को मानवता का सबसे बड़ा दुश्मन समझने वाले शाह के सख्त फैसलों की वजह से जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थ ईस्ट जैसे तीन बड़े हॉट-स्पॉट आज विकास की राह पर अग्रसर हैं। सालों से उपेक्षित नॉर्थईस्ट के सभी राज्यों में आज रेल और एयर कनेक्टिविटी का काम तेज गति से जारी है। शाह का मानना है कि अगर देश की सीमाएँ सुरक्षित नहीं हैं, तो देश सुरक्षित नहीं रह सकता, क्योंकि बॉर्डर सिक्योरिटी ही नेशनल सिक्योरिटी है। मोदी जी की दूरदर्शिता और शाह की नीतियों के कारण आज अमृतकाल में गरीबी उन्मूलन से लेकर हेल्थ, अंतरिक्ष, इंवेस्टमेंट के साथ-साथ आंतरिक और वाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में भारत पहले के मुकाबले बेहद सशक्त हुआ है। आज मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में 70 साल की कमियों को समाप्त करने का काम तेज गति से हो रहा है। मोदी जी की दूरदर्शिता और अमित शाह की अंत्योदय की राजनीति का परिणाम है कि, बीते 10 वर्षों में सालों से वंचित करोड़ों गरीबों को आवास, हर घर बिजली, हर घर नल से जल, शौचालय, मुफ्त गैस कनेक्शन के साथ-साथ 5 लाख तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का काम किया जा रहा है। आजादी के बाद दशकों तक भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूर देश के विकास में रोड़ा बना हुआ था। आज अमृतकाल में मोदी जी के नेतृत्व और अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन में भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण जैसे नासूरों को न सिर्फ जड़ से उखाड़ फेंकने का काम किया जा रहा है, बल्कि आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव रखने का काम भी निरंतर जारी है।

### बच्चे से लगाव नहीं हुआ वापस करना है, बॉम्बे हाईकोर्ट ने रद्द किया गोद लेने का आदेश

मुंबई, एजेंसी। दत्तक माता-पिता गोद लिए बच्चे के साथ उनका भावनात्मक लगाव पैदा नहीं हो पाया है इसलिए बंबई हाईकोर्ट ने दत्तक ग्रहण का एक आदेश रद्द कर दिया। दत्तक माता-पिता ने अदालत के समक्ष कहा कि हम बच्चे के साथ लगाव पैदा नहीं कर पाए, इसलिए हम बच्चे को वापस करना चाहते हैं। माता-पिता ने बच्चे के खराब व्यवहार और आदतों के बारे में ट्रस्ट से शिकायत की भी थी। न्यायमूर्ति आर. आई. छागला की एकल पीठ ने दिसंबर 2023 में बाल आशा ट्रस्ट द्वारा दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए पिछले महीने यह आदेश पारित किया। इसके बाद ट्रस्ट ने याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर गोद लेने संबंधी 17 अगस्त 2023 का आदेश रद्द कर दिया जाता है तो यह बच्चे के हित में होगा।

अदालत ने केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (सीएआरए) को जल्द से जल्द उपयुक्त दत्तक माता-पिता की पहचान करने के लिए बच्चे को गोद लेने की खातिर संबंधित पंजीकरण फिर से करने का भी निर्देश दिया। ट्रस्ट ने गोद लेने वाले माता-पिता को बच्चे के व्यवहार संबंधी मुद्दों को बेहतर ढंग से समझने के लिए परामर्श (काउंसलिंग) सत्र में शामिल होने की सलाह दी थी।

# मध्य प्रदेश में 7 सांसद बदलने तो एकदम तय, पर एक दर्जन से ज्यादा का कटेगा पत्ता; किनके नाम



नईदिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव 2024 के शेड्यूल का ऐलान मार्च के पहले सप्ताह तक हो सकता है। भाजपा उससे पहले ही बड़ी संख्या में टिकटों पर फैसला कर लेना चाहती है ताकि उसके उम्मीदवारों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिल सके। वहीं यूपी, एमपी जैसे बड़े राज्यों में भाजपा फेरबदल भी करने जा रही है और चर्चा है कि बड़ी संख्या में नए चेहरों को ही टिकट दिए जा सकते हैं। मध्य प्रदेश में लोकसभा की 29 सीटें हैं और यहां एक दर्जन से भी ज्यादा सांसदों को हटाकर नए चेहरों को मौका देने की रणनीति बन रही है। भाजपा सूत्रों का कहना है कि कुल 5 सांसद तो ऐसे हैं, जो अब मध्य प्रदेश विधानसभा के सदस्य हैं।

इन लोगों को अब राज्य में ही राजनीति का अवसर मिलेगा और सांसद के तौर पर नए नेताओं को मौका दिया जाएगा। इसके अलावा 2 सांसद ऐसे हैं, जो विधानसभा इलेक्शन में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। इन सांसदों में फग्गन सिंह कुलस्ते और गणेश सिंह शामिल हैं। पार्टी सूत्रों का कहना है कि इन दोनों नेताओं को इस बार शायद ही लोकसभा का टिकट मिल पाए। इसके अलावा विधायक बने नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, रीति पाठक, राकेश सिंह और उदय प्रताप सिंह भी शायद फिर से मौका न पा सकें।

पार्टी की ओर से तय प्रभारियों ने अपनी डिटेल रिपोर्ट नेतृत्व को सौंप दी है। इस पर मंथन के बाद ही टिकटों के ऐलान होने शुरू होंगे। माना जा रहा है कि फरवरी के आखिरी सप्ताह से भाजपा अपने उम्मीदवारों के नाम फाइनल करना शुरू कर देगी। पिछले दिनों ही खबर आई थी कि भाजपा नेतृत्व 70 प्लस की उम्र और कमजोर फीडबैक वाले नेताओं को दोबारा मौका नहीं देगा। इस खबर के बाद से ही वे नेता पसोपेश में हैं, जिनकी उम्र अधिक है और रिपोर्ट कार्ड भी पक्ष में नहीं दिख रहा। भाजपा को लगता है कि इसके जरिए ऐंटी-इनकम्बैंसी की भी काट होगी और नया नेतृत्व भी उभर सकेगा। पर कांग्रेस की स्थिति एकदम उलट, पुराने नेताओं पर ही भरोसा यह स्थिति कांग्रेस से एकदम उलट है। कांग्रेस में तो पार्टी पुराने नेताओं पर ही दबाव डाल रही है कि वे चुनाव में उतरें। इसकी एक वजह फंड की कमी भी है। कांग्रेस के एक नेता ने कहा कि भाजपा कैंडिडेट्स के पास फंड की कमी नहीं है। ऐसे में हम यदि नए चेहरों को उतारेंगे तो उनकी स्थिति कमजोर दिखेगी। उन्होंने कहा कि हम तो नेताओं से यह भी कह रहे हैं कि यदि वे खुद चुनाव में नहीं उतरना चाहते हैं तो कम से कम एक लोकसभा सीट का काम ही संभाल लें।

# ग्लो फ्रॉम विथिन : एक्सपर्ट ने बताये चमकती और सेहतमंद त्वचा के राज़

दिल्ली, एजेंसी। खूबसूरती को केवल बाहरी सुंदरता से नहीं नापा जा सकता; आप जो खाते हैं वह आपकी खूबसूरती और उसके एहसास को बनाने में बहुत बड़ी भूमिका निभाते हैं। इस बात को समझते हुए, आमंड बोर्ड ऑफ कैलिफोर्निया ने दिल्ली में होटल द पार्क में 'ग्लो फ्रॉम विदिन- नर्चरिंग ए रेडिएंट स्किन' पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलिब्रिटी सोहा अली खान, डर्मेटोलॉजिट एवं स्किन एक्सपर्ट डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता के साथ मैक्स हेल्थकेयर, डायटेटिक्स रीजनल हेड, दिल्ली- रितिका समद्दर ने इस चर्चा में हिस्सा लिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि किसी को सुंदरता और खूबसूरत होने का एहसास दिलाने में भोजन विकल्पों की बहुत बड़ी भूमिका होती है। पैनल के सभी सदस्यों ने माना कि अपने भोजन में मुट्ठीभर बादाम शामिल कर लेना सेहतमंद त्वचा बनाए रखने के लिए जरूरी है। इसके साथ ही माइंडफुलनेस तकनीक जैसे योग का अभ्यास और पर्याप्त नींद लेना भी आवश्यक है।

इस चर्चा के दौरान, रितिका समद्दर ने पौराणिक ग्रंथों और आधुनिक रिसर्च पर जोर दिया। जिनमें रोजाना अपने ब्यूटी रूटीन में बादाम को शामिल करने के कई सारे फायदों के बारे में बताया गया है। उन्होंने एक अध्ययन की भी चर्चा की, जिसमें दर्शाया गया है कि कैलोरी से भरपूर स्नैक की जगह बादाम लेने से मेनोपॉज़ के बाद के दौर से गुजर रही महिलाओं का स्किन टोन बेहतर होता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती हैं। खासकर जिन महिलाओं को फिट्ज़पैट्रिक स्किन टाइप 1 और 2 की समस्या है। इसके साथ ही बादाम में हेल्दी फैट्स और विटामिन ई (अल्फा-टोकोफेरॉल) होता है, जोकि एंटी-एंजिंग गुणों से भरपूर है। यह सेहतमंद स्किन के लिए फायदेमंद होता है।

इस चर्चा को और बढ़ाते हुए, डॉ. गीतिका मित्तल गुप्ता ने त्वचा की बनावट को बेहतर बनाने के लिए बादाम को अपने रोजाना के भोजन में शामिल करने पर जोर दिया। साथ ही यह भी बताया कि बादाम खाने से त्वचा सूरज की हानिकारक यूवीबी किरणों से मुकाबला करती है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोहा अली खान ने भी बादाम को लेकर अपनी पसंद के बारे में बताया। साथ ही एक सक्रिय, फिट और सेहतमंद जिंदगी के लिए पौष्टिक भोजन के फायदों के बारे में जानकारी दी।

मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री और सेलिब्रेटी, सोहा अली खान ने इस बारे में बात की कि कैसे वह अपने और अपने परिवार की सेहत और अंदरूनी खूबसूरती बनाए रखने का पूरा-पूरा ध्यान रखती हूं। वह कहती हैं, ÷एंटरटेनमेन्ट इंडस्ट्री में काम करने के लिए अपनी और अपने बच्चे की सेल्फ-केयर बेहद जरूरी है। अपने खाने में बादाम को शामिल करना और नियमित रूप से योगा सेशन में जाने से हमारी त्वचा और पूरी सेहत में काफी सुधार हुआ है।

### हर कोई नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे नहीं होता; हेमंत सोरेन के तेवरों पर फिदा हुई उद्धव सेना



मुंबई, एजेंसी। जमीन घोटाले के मामले में ईडी की गिरफ्त में आए झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट के दौरान सोमवार को विधानसभा पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने अपने भाषण में कहा था कि मैं आदिवासी हूं और मेरी रीढ़ की हड्डी मजबूत है। इसलिए कुछ लोग मुझे निगल लेना चाहते हैं, लेकिन वे ध्यान रखें कि मैं आंतें फाड़ दूंगा। इस तरह हेमंत सोरेन ने गिरफ्तारी के बाद भी अपने तेवर नरम नहीं किए हैं। अब उनके इस रुख की उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने भी जमकर तारीफ की है।

सामना के संपादकीय में लिखा गया, हर कोई अजित पवार, नीतीश कुमार या फिर एकनाथ शिंदे नहीं होता है। कुछ लोग हेमंत सोरेन भी होते हैं, जिन्होंने क्रांतिकारी की तरह जेल की राह पकड़ ली। हेमंत सोरेन के अलावा संपादकीय में अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी की भी तारीफ की गई है। शिवसेना ने लिखा है कि अरविंद केजरीवाल झुकने को तैयार नहीं हैं, जबकि ममता बनर्जी शेरनी की तरह जंग में हैं। वह भाजपा से लड़ने में माहिर हैं। इस तरह विपक्ष के इन तीन नेताओं की सामना में जमकर तारीफ की गई है।

शिवसेना ने लिखा कि हेमंत सोरेन ने विधानसभा के अपने भाषण में बता दिया कि वह रुकेंगे नहीं। बता दें कि हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के खिलाफ कांग्रेस भी बोली है और उन पर ऐक्शन को आदिवासियों के साथ उत्पीड़न से जोड़ा गया है। बता दें कि हेमंत सोरेन ने विधानसभा में कहा था कि इन लोगों को तो यही परेशानी सबसे ज्यादा है कि आखिर एक आदिवासी बीएमडब्ल्यू कार से क्यों चलता है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन को ईडी के ऐक्शन के चलते पद से इस्तीफा भी देना पड़ा है। अब चंपाई सोरेन की ही पार्टी जेएमएम से मुख्यमंत्री हैं।

**खुद पर लग रहे कयासों पर भी उद्धव ठाकरे की टिप्पणी :** नीतीश कुमार और एकनाथ शिंदे पर निशाना साधकर उद्धव ठाकरे की पार्टी ने साफ कर दिया है कि फिलहाल उनका मन नहीं बदला है। दरअसल पिछले दिनों एक आयोजन में उद्धव ठाकरे ने कहा था कि हम मोदीजी, आपके दुश्मन नहीं हैं। हमने तो 2019 में आपके लिए कैंपेन किया था और वोट भी मांगे थे। हमारा भगवा से कोई मतभेद नहीं है।

# जांच के दायरे में सर्दी-खांसी और दर्द की ये 3 दवाएं, 30 साल से ले रहे हैं लोग

नईदिल्ली, एजेंसी। आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली दर्द, खांसी और सर्दी की तीन दवाएं जांच के दायरे में हैं। केंद्रीय दवा नियामक ने इन दवाओं को बनाने वाली कंपनियों से इनका असर और सुरक्षा जांचने के वास्ते नए सिरे से ट्रायल करने को कहा है। ये वो दवाएं हैं जिन्हें अक्सर सर्दी और खांसी के समय दिया जाता है। इसके अलावा, निश्चित खुराक संयोजन (एफडीसी) में उपलब्ध एक दर्द निवारक दवा भी जांच के घेरे में है। ये दवा पिछले 30 साल से अधिक समय से बेची जा रही है। एक सिंगल डोज देने के लिए दो या उससे अधिक दवाओं को मिलाकर देने को एफडीसी कहा जाता है। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, खांसी और सर्दी की जिन दवाओं का सुरक्षा आकलन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल का सुझाव दिया गया है उनमें में से एक में पैरासिटामोल (एंटीपायरेटिक), फिनाइलफ्राइन हाइड्रोक्लोराइड (नाक संबंधी सर्दी-खांसी की दवा) और कैफीन एनहाइड्रस (प्रोसेस्ड कैफीन) युक्त दवाएं शामिल हैं। दूसरी दवा में कैफीन एनहाइड्रस, पैरासिटामोल, हाइड्रोक्लोराइड (नमक) और क्लोरफेनिरामाइन मैलेट (एंटी-एलर्जी दवा) शामिल हैं। केंद्रीय औषधि नियामक प्राधिकरण (सीडीएससीओ) ने तीसरी यानी दर्द निवारक दवा के लिए पोस्ट-मार्केटिंग निगरानी की सलाह दी है



ताकि उसकी सुरक्षा और असर को लेकर डाटा तैयार किया जा सके। ये दवा नॉन-स्टेरॉयडल एंटी इंफ्लेमेटरी ड्रग के तहत आती है। इस दवा में पैरासिटामोल, प्रोपीफेनाजोन (एक एनाल्जेसिक और एंटीपायरेटिक) और कैफीन होता है।

दर्द की दवा के मामले में, समिति ने नरम रुख अपनाया हुआ है। इसने हल्के से मध्यम सिरदर्द के लिए दवा को बनाने और बेचने की इजाजत दे दी है लेकिन एक शर्त रखी है कि इस दवा के डोज को पांच से सात दिनों से अधिक नहीं लिया जाना चाहिए। औषधि नियामक प्राधिकरण का आदेश 1988 से पहले की कुछ दवाओं की जांच करने के लिए 2021 में गठित एक विशेषज्ञ समिति के सुझावों पर आधारित है। कहा जा रहा है कि इन दवाओं को बनाने और बेचने के लिए लाइसेंसिंग ऑथारिटी से उचित अप्रूवल नहीं मिला था। एफडीसी यानी एक से अधिक दवाओं को एक साथ देना तब ही उचित माना जाता है जब वे ज्यादा असर डालने, दवाओं के गलत इफेक्ट को कम करने, गोलियों के बोझ को कम करने का काम करें। इंडियन जर्नल ऑफ फार्माकोलॉजी में प्रकाशित एक लेख में, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में फार्माकोलॉजी के पूर्व प्रमुख डॉ वाई के गुप्ता और डॉ सुगंती एस रामचंद्र ने भारत में उपलब्ध एफडीसी को द गुड, द बैड एंड द अग्ली के रूप में बांटा गया है।

# सीएम आवास पर हुई कोर कमेटी की बैठक

## राज्यसभा सदस्यों के नाम पर हुई चर्चा, 27 फरवरी को राज्यसभा की 10 सीटों पर होगी वोटिंग

एजेंसी



**लखनऊ।** लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर भारतीय जनता पार्टी के कोर कमेटी की बैठक की गई। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल के साथ ही दोनों डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री आवास पर बुलाई गई भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में राज्यसभा प्रत्याशियों के नाम के पैनल पर मंथन हुआ। वहीं सूत्रों की माने तो ठश्रच् कोर कमेटी में 12 नामों पर चर्चा की गई।दरअसल मंगलवार को यूपी बीजेपी संगठन राज्यसभा प्रत्याशियों के नामों को केंद्रीय नेतृत्व को भेजेगा। 27 फरवरी को राज्यसभा की 10 सीटों के लिए वोटिंग होनी है। इनमें से बीजेपी के 9 राज्यसभा सदस्य हैं।जिनका कार्यकाल दो अप्रैल को समाप्त हो रहा है। अब माना जा रहा है कि इन 10 सीटों में से बीजेपी 7 सीटों पर आसानी से जीत हासिल कर लेगी। ऐसे में इन 9 राज्यसभा सदस्यों में से कोई सात सदस्य ही राज्यसभा जा पाएंगे । और लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हो रहे राज्यसभा चुनाव में भाजपा के आधे से अधिक चेहरे नए आ सकते हैं। पार्टी के विशिष्ट सूत्रों के मुताबिक राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी चयन लोकसभा चुनाव की सोशल इंजीनियरिंग के हिसाब से होगा। भारतीय जनता पार्टी के राज्यसभा के जिन 9 सदस्यों का कार्यकाल समाप्त हो रहा है उनमें से दो राज्यसभा सदस्यों को ही बीजेपी रिपीट कर सकती है। बाकी को पार्टी ड्रॉप कर सकती है। मौजूदा समय में बीजेपी के सदस्यो में अनिल अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजय पाल सिंह तोमर, सुधांशु त्रिवेदी और हरनाथ सिंह यादव का नाम शामिल है। लेकिन इस बार बीजेपी इन 9 नामो में बस दो को ही फिर से मौका दे सकती है।बीजेपी जिन्हें दोबारा राज्यसभा भेज सकती है उनमें सुधांशु त्रिवेदी और अनिल जैन का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में है।

### सीटों के उम्मीदवारों में जाति समीकरण साधेगी बीजेपी

बीजेपी मौजूदा सदस्यों में ज्यादातर को दोबारा मौका नहीं मिलेगा जो सामाजिक समीकरण में फिट नहीं हो रहे हैं साथ ही वो भी जो अपने समाज में पैठ साबित करने में सफल नहीं हुए हैं। जीवीएल नरसिम्हा राव, डॉ. अनिल अग्रवाल का टिकट कट सकता है। पार्टी डॉ.अशोक बाजपेयी, सकलदीप राजभर, विजय पाल सिंह और हरनाथ सिंह यादव की जगह भी नए चेहरे उतारने पर विचार कर सकती है। वही पार्टी के सूत्रों की माने तो इस बार राज्य सभा के सदस्यो में जाति समीकरण साधते हुए पार्टी ब्राह्मण, वैश्य, क्षत्रिय के साथ पिछड़े व दलित वर्ग को भी प्रतिनिधित्व दे सकती है।

### बीजेपी संगठन से जुड़े नेताओं को मिलेगा मौका

बीजेपी के पिछले कुछ एमएलसी और राज्यसभा चुनाव में उम्मीदवार के सिलेक्शन के पैटर्न को देखते हुए माना जा रहा है कि बीजेपी इस बार फिर से वही पैटर्न अपना सकती है और संगठन से जुड़े नेता को ही तवज्जो दे सकती है। प्रदेश के प्रदेश संगठन और राष्ट्रीय संगठन दोनों ही जगह पर नेताओं की लंबी लिस्ट है, जो फिलहाल किसी भी सदन से सदस्य नहीं है। ऐसे में प्रदेश संगठन से जुड़े कई नेताओं के नाम रेस में हैं। लेकिन अभी तक बीजेपी ने नामो के पत्ते नहीं खोले है।

### कैंडिडेट के नाम पर लगेगी मुहर

वही बीजेपी के विशिष्ट सूत्रों की माने तो फरवरी के पहले सप्ताह में राज्यसभा के लिए कैंडिडेट के नाम पर मुहर लगा सकती है। राज्यसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया 8 फरवरी से शुरू हो कर 15 फरवरी तक चलेगी। राज्यसभा उम्मीदवार के चयन के लिए बीजेपी कोर कमेटी फरवरी के पहले सप्ताह में किसी भी दिन कर सकती है। उससे पहले कमेटी कैंडिडेट के नाम पर विचार-विमर्श करके, जाति समीकरण और बैक रिकॉर्ड को देखकर फैसला ले सकती है, लेकिन एक बात साफहै कि बीजेपी जिसे भी राज्यसभा भेजेगी, उसके जरिए सियासी संदेश देने की कवायद भी करेगी।

### ब्राह्मण, जाट और महिला वोट को साधेगी

बीजेपी के मौजूदा सदस्यों को देखे तो 1 वैश्य,3 ब्राह्मण,1 एससी महिला, 1 अल्पसंख्यक (जैन),2 ओबीसी और1 क्षत्रिय है और 2024 के लोकसभा चुनाव के लिहाज से देखे तो बीजेपी ब्राह्मण ,जाट, एससी वोटर बीजेपी के लिए अहम माना जा रहा है, लेकिन जिस तरह से सूबे की सियासत ओबीसी के इर्द-गिर्द सिमटी हुई है, उसके चलते किसी ओबीसी समुदाय पर भी दांव खेलती है तो आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

# खास खबर

## नेपाल सीमा पर इलाज करने जाएगी 800 डॉक्टरों की टीम

**लखनऊ , एजेंसी** । भारत-नेपाल सीमा से सटे इलाकों में रहने वाले थारू जनजाति समेत डेढ़ लाख लोगों को बेहतरीन निशुल्क चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने के लिए लखनऊ से डॉक्टरों की टीम जाएगी। यहां की आबादी का पहले स्वास्थ परीक्षण होगा। इसके बाद बीमार लोगों का इलाज भी किया जाएगा। इस काम में 800 डॉक्टरों की टीम लगेगी। इस बात की जानकारी नेशनल मेडिकोज आर्गनाइजेशन अवध प्रांत के संरक्षक और ज्ञळडन् के पूर्व कुलपति डॉ. एमएलबी भट्ट ने मंगलवार को जियामऊ स्थित सवाद केंद्र में बताया कि नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन अवध प्रांत और श्री गुरू गोरक्षनाथ सेवा न्यास के संयुक्त प्रयास से 4 सालों से भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में ष्गुरू गोरक्षनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्राष् का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस साल स्वास्थ्य सेवा यात्रा को और विस्तार देते हुए 8, 9, 10 और 11 फरवरी को 800 कुशल चिकित्सकों और मेडिकल स्टूडेंट्स की टीम 290 गांव के करीब डेढ़ लाख लोगों तक चिकित्सा सुविधा मुहैया कराएगी। 8 फरवरी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हरी झंडी दिखाकर डॉक्टरों की टीम को बस द्वारा रवाना किया। सेवा यात्रा की शुरुआत अटल बिहारी बाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर से होगी। उन्होने बताया कि यह स्वास्थ्य सेवा यात्रा खासकर लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों में जो भारत-नेपाल के समीपवर्ती क्षेत्रों में थारू जनजातियों के लिए आयोजित होती रही है।

## दवा फैक्ट्री में भीषण आग, केमिकल में धमाके

**लखनऊ , एजेंसी** ।आगरा में दवा फैक्ट्री में मंगलवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि सिर्फ1.50 मिनट में फैक्ट्री का बड़ा हिस्सा चपेट में आ गया। जिस वक्त घटना हुई, उस वक्त 1500 से ज्यादा कर्मचारी अंदर थे। आग लगने से वहां भगदड़ मच गई। कर्मचारी भागकर बाहर आए। फैक्ट्री के अंदर ड्रम में केमिकल रखा हुआ था। ऐसे में आग लगने के बाद वहां ड्रम में तेज धमाके शुरू हो गए। एक के बाद 25-30 से ज्यादा धमाके सुनाई दिए। आग की लपटें 50 फीट से ज्यादा ऊंची थीं। आसपास के पूरे इलाके में धुआं भर गया। लोग घर छोड़कर भाग गए। चीफफायर ऑफिसर देवेंद्र सिंह ने बताया कि की फैक्ट्री में आग बुझाने के इंतजाम नहीं थे। कैजुअलिटी की संभावना नहीं है। अंदर जांच की जा रही है। सेफकॉर्न प्राइवेट लिमिटेड नाम की यह फैक्ट्री करीब दो बीघा एरिया में है। फैक्ट्री की एक यूनिट में दवाइयां बनती थीं। दूसरी यूनिट की दवाओं की पैकिंग के लिए बोतलें बनती थी। वहां टीन शेड बना था, जिसका एरिया बढ़ाने के लिए टीन लग रही थीं, जिसके लिए वेल्डिंग हो रही थी। घटना की सूचना पर फैक्ट्री के मालिक अशोक अग्रवाल भी मौके पर पहुंचे। लोगों का कहना था कि कुछ केमिकल ड्रम थे। इसके फटने के बाद आग बढ़ी। इस फैक्ट्री से सटी दूसरी फैक्ट्री की दीवार भी क्रैक हो गई। इसके चलते आसपास का इलाका खाली कराया गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लंच खत्म हुआ था। तभी अचानक आग लग गई। पहले तो खुद से आग बुझाने की कोशिश की। छोटे-छोटे सिलेंडर थे, इसलिए काबू नहीं पाया जा सका। फिर फायर बिग्रेड को बुलाया गया।

## अरुणाचल प्रदेश के सीएम ने रामलला के किए दर्शन

**लखनऊ , एजेंसी** । अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उनके कैबिनेट के मंत्री महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सीएम व कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला के दर्शन किए। एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा, श्अब रामराज्य आ गया है। अयोध्या का विवाद 500 साल के संघर्ष के बाद निपट गया है। यह देश के लिए एक शुभ संकेत है।श् वह अयोध्या में भी अपना प्रतीक चिह्न बनाएंगे और प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ से बात करेंगे। यह कैसा होगा इसका स्ट्रक्चर अभी तय किया जाना है। उन्होंने कहा, श्आज हम लोग रामलला के दर्शन करने यहां आए हुए हैं और ये हमारे लिए बहुत ही अच्छा अवसर है। अरुणाचल प्रदेश से कुल 70 लोग आए हुए हैं।श् श्री राम दर्शन यात्रा के मीडिया प्रमुख दिवाकर सिंह ने बताया कि एयरपोर्ट पर स्वागत करने की जिम्मेदारी जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों को सौंपीं गई है। स्वागत प्रभारी शैलेंद्र कोरी को बनाया गया है।

## 11 फरवरी को अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे यूपी के विधायक

**लखनऊ , एजेंसी** ।11 फरवरी को यूपी के सभी विधायक और मंत्री अयोध्या दर्शन के लिए जाएंगे। विधायक बस से अयोध्या के लिए रवाना होंगे। इसकी जानकारी यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दी। उन्होंने कहा कि वह खुद भी बस से ही जाएंगे। अयोध्या दर्शन के लिए सपा सहित अन्य विपक्षी दलों के विधायकों को भी आमंत्रित किया गया है। विधायक अपनी पत्नी को भी साथ ले जा सकते हैं। एनडीए में शामिल भाजपा, सुभासपा, निषाद पार्टी और अपना दल के विधायक अयोध्या दौरे पर जाएंगे। विधानसभा अध्यक्ष ने जब अयोध्या दर्शन के कार्यक्रम का ऐलान किया तो सपा विधायक इकबाल महमूद ने अयोध्या में बनने वाली मस्जिद की जमीन देखने का भी अनुरोध किया। जिस पर अध्यक्ष ने जवाब दिया कि पहले मस्जिद बन जाने दीजिए और वहां की कमेटी अनुरोध करेगी तो जाने के लिए विचार करेंगे। इसके पहले कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में जाने से इनकार कर दिया था पर राज्य यूनिट के नेताओं ने अयोध्या जाकर सरयू स्नान किया और रामलला के दर्शन किए। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी अयोध्या जाने की बात कही थी लेकिन वह 11 फरवरी को जाएंगे यह स्पष्ट नहीं हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंच रहे हैं और भव्य मंदिर में रामलला के दर्शन कर रहे हैं। 5 फरवरी को यूपी विधानसभा में पेश किए गए बजट को भी योगी सरकार ने भगवान श्रीराम को समर्पित बताया था। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सिर्फ कुछ अतिथियों को ही आने की अनुमति थी बाकी लोगों से अपील की गई थी कि बाद में आएं।

# लखनऊ में छाया कोहरा, यूपी के 72 शहरों में हुई बारिश



**लखनऊ , एजेंसी** । यूपी के 72 जिलों में सोमवार को बारिश हुई। राज्य में 24 घंटे के अंदर 6.6 मिमी. बारिश रिकॉर्ड की गई। ये औसत 0.7 मिमी. से 837 फीसदी अधिक रही। वहीं, लखनऊ में मंगलवार सुबह से घना कोहरा छाया रहा। आसमान में घने बादल हैं। सर्द हवाएं परेशान कर रही हैं। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि अब बारिश का दौर 5 दिन के लिए थम गया है।

बारिश के बीच यूपी का सबसे ठंडा शहर बिजनौर 9.5 रहा। वहीं आज 30 से 40 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आईएमडी के मुताबिक, कानपुर में फरवरी के महीने में औसतन 14.3 मिमी. बारिश दर्ज की जाती है। लेकिन रविवार शाम 6 बजे से सोमवार को सुबह 8 बजे तक हुई बारिश के बाद 11 साल का रिकॉर्ड टूट गया। जिले में एक ही दिन में 26.4 मिमी. रिकॉर्ड हुई। जबकि 5 फरवरी 2013 को 44.4 मिमी. बारिश हुई थी। इसके बाद 5 फरवरी 2024 को इतनी बारिश हुई।

पी में बीते 24 घंटे में 72 शहरों में बारिश हुई। इसमें कानपुर, लखनऊ, प्रयागराज, हमीरपुर से लेकर वाराणसी, गोरखपुर और गाजीपुर शामिल हैं। बारिश के कारण सर्द एहसास जरूर बढ़ा, लेकिन बादलों के चलते तापमान चढ़ गए। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में ज्यादा अंतर भी नहीं रहा। प्रदेश में प्रयागराज में अधिकतम तापमान सबसे ज्यादा रहा, यहां 24.7 रिकॉर्ड हुआ।

जबकि न्यूनतम तापमान 9.5 बिजनौर का रहा। ये प्रदेश में सबसे कम रहा। मौसम विज्ञानी डॉ. एसएन सुनील पांडेय के मुताबिक, इस हफ्ते पहाड़ों की तरफ से ठंडी हवाएं मैदानी भाग की तरफचलने की संभावना है। इससे सुबह के तापमान में गिरावट आएगी। राज्य के कुछ हिस्सों में शीतलहर की स्थिति फिर से लौट सकती है।

- बिजनौर सबसे ठंडा शहर कानपुर में बरसात ने तोड़ा रिकॉर्ड

### सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक

मौसम विज्ञानी के मुताबिक, सर्दियों में हो रही बारिश आलू और सरसों की फसल के लिए नुकसानदायक हो सकती है। जबकि गेंहू की फसल के लिए लाभदायक साबित हो रही है। जिन किसानों ने गेंहू की फसल में सिंचाई नहीं की थी, उन्हें इस बारिश से लाभ होगा। उन्हें अब सिंचाई नहीं करनी होगी।

# राम मंदिर के प्रस्ताव पर सपा में दो फाड़

एजेंसी



**लखनऊ।** यूपी में बजट सत्र के दौरान विधानसभा में मंगलवार को सपा विधायक दो फाड़ में नजर आए। अयोध्या राम मंदिर को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पेश किया गया। इसमें सपा के 111 विधायक और रालोद के 8 विधायक सदन में मौजूद थे। धन्यवाद प्रस्ताव पटल पर आने के बाद सपा के 97 विधायकों ने योगी सरकार का समर्थन किया। महज 14 विधायकों ने विरोध करते हुए हाथ ऊपर नहीं किया। रालोद के विधायकों का भी समर्थन योगी सरकार को मिला। इस मामले पर भाजपा विधायक शलभमणि ने समर्थन न करने वाले 14 विधायकों के नाम पूछे हैं।

- पार्टी के 111 विधायकों में से 96 ने योगी के मंदिर के धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन किया

उन्होंने कहा- देश और समाज को भी पता चलना ही चाहिए कि आखिर कौन हैं रामद्रोही? विधानसभा में जिन 14 लोगों ने प्रभु राम के विरोध में आज वोट दिया, उनके नाम सार्वजनिक होने ही चाहिए। मंगलवार को बजट सत्र के 5वें दिन, अयोध्या के राम मंदिर को लेकर धन्यवाद प्रस्ताव पटल में रखा गया। जब समर्थन और विरोध में सदन में मौजूद विधायकों को हाथ खड़े करने थे।

ये समर्थन या विरोध का सांकेतिक तरीका है। सदन में मौजूद 96 सपा विधायकों ने धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन में हाथ खड़ा किया। जबकि सदन में मौजूद 14 विधायकों ने विरोध में हाथ ऊपर नहीं किए। बीजेपी विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने सदन में कहा,ष्देश और समाज को भी पता चलना ही चाहिए कि आखिर कौन हैं रामद्रोही? विधानसभा में जिन 14 लोगों ने प्रभु राम के विरोध में आज वोट दिया, उनके नाम सार्वजनिक होने ही चाहिए। सपा सचेतक मनोज पांडेय ने कहा,ष्25 करोड़ की आबादी को बजट में कुछ भी नहीं मिला। काश, इस बजट में किसानों की आमदनी बढ़ाने की कोशिश होती। काश सिलिंडर, जोकि 1200 रुपए का हो गया है, उसके दाम कम करने का प्रयास होता।

युवाओं के रोजगार की बात होती। जिस बजट में प्रदेश की बड़ी आबादी का जिक्र ही नहीं हो, उसका कोई मतलब नहीं। कांग्रेस विधान मंडल दाल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने कहा,ष्जल्द ही सपा के साथ सीटों के बंटवारे पर बात होगी।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर आपत्ति है। इसका श्रेय सिर्फ सुप्रीम कोर्ट को मिलना चाहिए न कि भाजपा को। कांग्रेस चुनाव के लिए पूरी तैयारी है। यूपी बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र कश्यप ने कहा, महागठबंधन के लोग हमेशा से भगवान श्रीराम के मंदिर और राम भक्तों का अपमान करते रहे हैं। राम के अस्तित्व पर भी सवाल खड़े करते रहे रहे हैं। उनकी मानसिकता अभी भी बदली नहीं है। देश और दुनिया में खुशी का माहौल है, सपा के लोग अपनी मानसिकता को दर्शा रहे हैं। प्रदेश की जनता इनके लोगों का आचरण देख रही है। सदन सत्र में शामिल होने से पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओपी राजभर ने कहा,ष्उत्तराखंड सरकार के यूसीसी पर हम समर्थन करते हैं। समान नागरिक संहिता का विरोध किस बात के लिए हो रहा है? समाज में एकरूपता के लिए यह जरूरी है।

जो समाज में एकरूपता नहीं चाहते वही इसका विरोध कर रहे हैं। विपक्षियों ने ठाना है पीएम मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कुछ लोग सटके करेंगे कुछ लोग हटके कर करेंगे। पीएम मोदी ने भी कहा है विपक्षियों के सहयोग से 400 सीट जीतेंगे।

### सपा का रामभक्तों पर गोलियां चलाने का इतिहास

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, सपा का इतिहास शिवद्रोही-रामद्रोही होने का है। राम भक्तों को गोलियों से भूलने का इनका इतिहास है। सुनो जो राम भक्तों का सम्मान नहीं करना चाहते, उनका राम भक्त हिसाब करेंगे। उत्तराखंड के यूसीसी का हम स्वागत करते हैं। उत्तराखंड सरकार के फैसले का स्वागत करते हैं। सीएम धामी को बधाई देते हैं। एक तरफभारत तोड़ो की बात करते हैं, दूसरी तरफ भारत जोड़ो यात्रा निकालते हैं। यह देश पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा गठबंधन के साथ खड़ा है। भ्रष्टाचार मुक्त भारत प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी है।

## ज्ञानवापी के बंद तहखाने खोलने की याचिका पर सुनवाई

# कोर्ट में 15 फरवरी को होगी अगली सुनवाई

**लखनऊ , एजेंसी** । वाराणसी के जिला जज की अदालत में ज्ञानवादी के बंद तहखाने की याचिका की सुनवाई 15 फरवरी को होगी। मुस्लिम पक्ष को सुनने के बाद कोर्ट ने 15 फरवरी को अगली तारीख दी। ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मुकदमे की पक्षकार राखी सिंह ने बंद तहखानों को खोलने की मांग उठाई है। एएसआई को अंदर पत्थरनुमा दीवार हटाकर सर्वे करने की आदेश दिए जाने की अपील की है। नई याचिका राखी सिंह के अधिवक्ता बहादुर सिंह, अनुपम त्रिवेदी और सौरभ तिवारी ने दायर की थी, जिस पर आज सुनवाई हुई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए तारीख दे दिया। राखी सिंह ने याचिका में बंद तहखानों का नक्शा भी लगाया है, तथा अन्य गुप्त तहखाने जो तहखानों के अंदर हैं। उनका भी सर्वे करने की मांग की गई है। अपील में कहा गया है कि ज्ञानवापी का संपूर्ण सत्य उजागर होना चाहिए। जिससे लोगों को सच्चाई का पता लग सके। न्यायालय ने याचिका को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 6 फरवरी की तारीख सुनिश्चित की थी। आज सुनवाई के बाद कोर्ट ने आगे सुनवाई की बात कही। हिंदू पक्ष के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने हाईकोर्ट में ज्ञानवापी परिसर के नीचे 8 तहखानों का भी साइंटिफिक सर्वे कराने की अपील की है। साथ ही वजूखाने और शिवलिंग का साइंटफिक सर्वे कराने वाले मुकदमे में इसकी भी मांग की गई है।



### एएसआइ सर्वे में कई तहखाने होने का हुआ था खुलासा

ज्ञानवापी परिसर में व्यासजी के अलावा भी कई और तहखाने हैं। इसका खुलासा भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) की टीम ने अपनी रिपोर्ट में किया है। राखी सिंह ने कहा कि ज्ञानवापी में बंद तहखानों को प्रशासन की निगरानी में खोला जाए और उनका एएसआई सर्वे किया जाए। परिसर में दो तहखाने बंद हैं, उनके अंदर भी तहखाना हो सकता है। इन तहखानों को पत्थर से बंद किया गया है, या कह सकते हैं कि पत्थर के दरवाजे बनाकर सील कर दिया गया है। इसका मलबा हटाकर सर्वे किया जाए तो उनकी सच्चाई भी बाहर आएगी।

### मुस्लिम पक्ष की ओर से कोर्ट में दलील दी गई

हिंदू पक्ष के वकील सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने दैनिक भास्कर से जानकारी साझा किया। उन्होने बताया कि मुस्लिम पक्ष की ओर से कोर्ट में दलील दी गई है। उन्होने कहा है कि मामला हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी है। ऐसे में जल्दबाजी करना ठीक नहीं है। एडीजे फर्स्ट ने पूरे मामले को सुना । सुभाष नंदन चतुर्वेदी ने बताया कि एएसआई के संदर्भ में बचे हुए आठ तहखाने के संदर्भ में हिंदू पक्ष की ओर से भी हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। प्रतिवादी की तरफसे कोर्ट में कहा गया की हड़बड़ी में कोई सुनवाई न करें। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के ओपिनियन का इंतडजार करना चाहिए। इसलिए इसे अभी टाला जाय और अगली तारीख दी जाय। जिसके बाद कोर्ट ने 15 फरवरी को अगली तारीख दी।

### 75 प्रतिशत सच्चाई अभी भी तहखानों में कैद

भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान केस के संरक्षक और विश्व वैदिक सनातन संघ के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह विसेन ने बताया कि तहखानों में कई राज छिपे हैं। अभी तक जो भी सामने आया है वह आदि विश्वेश्वर मंदिर के रहस्य का केवल 25: ही है। बाकी तो अभी भी रहस्यात्मक बना हुआ है। जितेंद्र सिंह विसेन ने कहा कि तहखानों के अंदर के रास्तों का पूरा मैप है। आज जहां तहखाने में पूजा हो रही है, वहां से आगे रास्ता जाता है। 2 तहखानों को पार करने के बाद एक रास्त है, जहां से मंदिर की पूरी सच्चाई सामने आने के आसार हैं। उन्होंने कहा कि साल 2018 से इसकी तैयारी कर रहा था। अब फैक्ट्स काफी क्लियर हैं।

### छह तहखाने खुलने की रिपोर्ट

ग्राउंड पेनिट्रेटिंग रडार (जीपीआर) तकनीक से हुए सर्वे में परिसर में छह तहखाने खुले पाए गए। यहां एएसआई की टीम भी पहुंची थी। यहां टीम ने चार और तहखानों की पुष्टि की थी। सर्वे रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि दक्षिण में जो तहखाने हैं, उनमें हिन्दू धर्म से जुड़े प्रतीक चिन्ह भी मिले हैं। ऐसे ही उत्तर में भी तहखाना मौजूद है, जो दिखाई नहीं दे रहा है। यदि उत्तर का हिस्सा खोला जाएगा तो उन तहखानों की जानकारी सामने आ सकेगी।

### दक्षिणी तहखाने का दरवाजा एक दीवार से बंद

जीपीआर सर्वे की रिपोर्ट में बताया गया कि चबूतरे के नीचे प्लेटफार्म क्षेत्र में तहखानों की छत है। इसका ऊपरी हिस्सा खुला है, मगर नीचे की परत मलबे से भरी है। पाया गया कि इसमें मलबा भरकर इसे बंद किया गया है। मंच के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में कई खोखले या आंशिक रूप से भरे हुए तीन मीटर चौड़े तहखाने हैं। इनमें नौ वर्गमीटर आकार के कमरे हैं, जिनकी दीवारें एक मीटर चौड़ी है। दक्षिणी दीवार की ओर खुले स्थान हैं, जिन्हें अब सील कर दिया गया है, क्योंकि जीपीआर सिग्नलों में 1-2 मीटर चौड़े अलग-अलग पैच देखे गए हैं। तहखाने के उत्तर की ओर खुले कार्यात्मक दरवाजे हैं। पूर्वी हिस्से में 2 मीटर चौड़ाई के 3 से 4 तहखाने हैं। पूर्वी दीवार की मोटाई अलग-अलग है।

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन- 0120- 2321857

मो0- 9811082962

| टी-20 | कब | वेन्यू | समय |
|---|---|---|---|
| पहला | 6 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| दूसरा | 7 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| तीसरा | 10 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | रात 9:30 बजे से |
| चौथा | 13 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |
| पांचवां | 14 जुलाई 2024 | हरारे स्पोर्ट्स क्लब | शाम 4:30 बजे से |



# जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी टीम इंडिया

- 5 टी-20 मैचों की सीरीज खेलेगी
- हरारे में होंगे मुकाबले

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** जून में टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम जुलाई में जिम्बाब्वे का दौरा करेगी। जिम्बाब्वे क्रिकेट और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने मंगलवार को दौरे की घोषणा की। दौरे में भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज खेलेगी। मुकाबले 6 से 14 जुलाई के बीच खेले जाएंगे, सभी मुकाबले हरारे में होंगे।

## आखिरी बार 2022 में किया था दौरा

भारतीय टीम ने 2022 में आखिरी बार जिम्बाब्वे का दौरा किया था। इस दौरान टीम ने 3 वनडे मैचों की सीरीज खेली थी। टीम ने तीनों मैच जीतकर सीरीज पर 3-0 से कब्जा जमाया था। आखिरी टी-20 सीरीज भारत ने जिम्बाब्वे ने 2016 में खेली थी, जहां टीम इंडिया 2-1 से जीती थी।

## ग्लोबल क्रिकेट को बढ़ाना हमारी जिम्मेदारी - जय शाह

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, बीसीसीआई ने वर्ल्ड क्रिकेट कम्युनिटी में योगदान देने में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम समझते हैं कि यह जिम्बाब्वे के लिए रिबिल्डिंग का दौर है और इस समय जिम्बाब्वे क्रिकेट को हमारे समर्थन की जरूरत है।

## मेजबानी के लिए हम रोमांचित है -जेडसी अध्यक्ष

जेडसी के अध्यक्ष तवेंगवा मुकुहलानी ने कहा, हम जुलाई में टी-20 सीरीज के लिए भारत की मेजबानी करने के लिए बिल्कुल रोमांचित हैं। इस साल भारत का यहां आना हमारे देश के लिए सबसे बड़े इवेंट्स में से एक होगा। दौरे के महत्व और परिमाण पर अधिक जोर नहीं दिया जा सकता है, खासकर जब यह ऐसे समय में आ रहा है जब हम खुद को बेहतर कर रहे है। इस दौरे की पुष्टि जेडसी और बीसीसीआई के बीच चर्चा के बाद हुई। इस दौरे का उद्देश्य दोनों देखों के बीच बाइलैटरल टाईज को मजबूत करना हैं।

## वर्ल्ड कप नहीं खेलेगा जिम्बाब्वे

जिम्बाब्वे इस साल होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिए क्वालिफाई नहीं किया।इस साल अफ्रीका से नामिबिया, युगांडा और साउथ अफ्रीका खेलेंगे। 2023 में वनडे वर्ल्ड कप भी नहीं खेल सका था। टीम ने आखिरी बार 2022 का टी-20 वर्ल्ड कप खेला था, जिसमें वह लीग स्टेज से बाहर हो गया था। इससे पहले, टीम आईसीसी के प्रतिबंध के कारण 2021 का वर्ल्ड कप नहीं खेल सकी थी। इतना ही नहीं, टीम 2019 के वनडे वर्ल्ड कप के लिए भी क्वालिफाई नहीं हुई थी।

# रोहित शर्मा को क्यों मुंबई इंडियन की कप्तानी से हटाया, कोच मार्क बाउचर ने खोला राज

**केप टाउन (एजेंसी)।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने खुलासा किया है कि रोहित शर्मा को टीम की कप्तानी से हटाना एक कठिन निर्णय था। रोहित शर्मा आईपीएल 2024 से पहले इसलिए सर्वाधिक चर्चा हासिल कर रहे हैं क्योंकि जिस मुंबई इंडियंस को उन्होंने 5 बार बतौर कप्तान खिताब दिलाया है, उसके अब वह कप्तान नहीं रहेंगे। मुंबई इंडियंस ने गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाने वाले हार्दिक पांड्या को कप्तान बनाया है। इस फैसले के बाद बाउचर ने कहा कि फ्रेंचाइजी प्रबंधन



यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह रोहित से अतिरिक्त बोझ हटाना चाहते थे।

बाउचर ने दक्षिण अफ्रीका में एक पॉडकास्ट पर बात करते हुए कहा कि हमने हार्दिक को एक खिलाड़ी के रूप में वापस लाने के लिए विंडो देखी। हम अभी भी उन्हें (रोहित को) एक खिलाड़ी के रूप में चाहते हैं। हम जानते हैं कि वह टीम के लिए क्या कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि वह कप्तानी के बोझ के बिना अपनी बल्लेबाजी का आनंद ले। संभवतः उनके बल्ले से कुछ सीज़न सर्वश्रेष्ठ नहीं रहे हैं, लेकिन उन्होंने कप्तान के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया है। मुंबई इंडियंस समूह ने इस पर काफी सोचा और यह कदम उठाने की सोची।

बाउचर को उम्मीद है कि रोहित बल्ले से अधिक स्वतंत्र रूप से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि वह अभी भी भारत की कप्तानी कर रहे हैं इसलिए प्रचार तो बना रहेगा, लेकिन जब वह आईपीएल में कदम रखेंगे, तो कप्तान के रूप में उन पर से अतिरिक्त दबाव हट जाएगा और हो सकता है कि हमें रोहित शर्मा से इस दौरान सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन मिल जाए। चेहरे पर अच्छी मुस्कान के साथ खेलना और खूबसूरत परिवार के साथ समय बिताना, ऐसा करने का कोई आसान तरीका नहीं है। बाउचर ने कहा कि रोहित का व्यस्त कार्यक्रम भी भारतीय कप्तान पर दबाव डालता है। बाउचर बोले- एक बात जो मैंने रोह (उपनाम) के साथ समझी वह यह है कि वह एक शानदार लड़का है और वह सदियों से कप्तानी कर रहा है और वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है और न केवल एमआई के लिए बल्कि भारत के लिए भी, वह एक जगह जाता है और वहां जाता है। कैमरे उस पर हैं और वह बहुत व्यस्त है।

# विलियमसन ने लगाया 31वां टेस्ट शतक

## जो रूट से आगे निकले, साउथ अफ्रीका के खिलाफ न्यूज़ीलैंड को 528 रन की बढ़त



**माउंड मॅन्गानुई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के केन विलियमसन ने टेस्ट क्रिकेट में 31वां शतक लगा दिया है। इसी के साथ वह एक्टिव प्लेयर्स में सबसे ज्यादा सेंचुरी लगाने वाले खिलाड़ियों में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उन्होंने इंग्लैंड के जो रूट को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 30 टेस्ट शतक हैं। विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में 109 रन की पारी खेली। उन्होंने पहली पारी में भी शतक लगाकर 118 रन बनाए थे।

**न्यूजीलैंड को 528 रन की बढ़त-** माउंट मॅन्गानुई के बे ओवल मैदान में न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका पर 528 रन की बढ़त बना ली है। दिन का खेल खत्म होने तक टीम ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बना लिए। पहली पारी में न्यूजीलैंड ने 511 और साउथ अफ्रीका ने 162 रन बनाए थे। मैट हेनरी और मिचेल सैंटनर ने 3-3 विकेट लिए।

**दूसरी पारी में न्यूजीलैंड की खराब शुरुआत-** टेस्ट के तीसरे दिन साउथ अफ्रीका ने अपनी पहली पारी 162 रन बनाकर खत्म की। न्यूजीलैंड ने 349 रन की बढ़त के साथ अपनी दूसरी पारी शुरू की। टीम ने दूसरी पारी में ओपनर टॉम लैथम का विकेट 10 रन के स्कोर पर ही गंवा दिया। लैथम 3 ही रन बना सके।

**विलियमसन के अलावा कोई नहीं टिका-** नंबर-3 पर उतरे केन विलियमसन के ओपनर डेवोन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट के लिए 92 रन की पार्टनरशिप की। कॉन्वे 29 रन बनाकर आउट हुए और दोनों की साझेदारी टूटी। उनके बाद रचिन रवींद्र भी 12 रन बनाकर आउट हो गए। विलियमसन ने तीसरे दिन का खेल खत्म होने से 4 ओवर पहले ही शतक पूरा कर लिया। सेंचुरी के बाद उन्होंने तेज खेलना शुरू किया लेकिन वह 109 रन बनाकर आउट हो गए।

एक्टिव प्लेयर्स में विलियमसन से ज्यादा शतक सिर्फ ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ ने लगाए हैं।

### नील ब्रांड को 2 विकेट

दिन का खेल खत्म होने तक न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में 4 विकेट के नुकसान पर 179 रन बना लिए। डेरिल मिचेल 11 और टॉम ब्लंडेल 5 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम की कुल बढ़त 528 रन की हो चुकी है। ऐसे में संभव है कि चौथे दिन की शुरुआत से ही साउथ अफ्रीका अपनी दूसरी पारी में बैटिंग शुरू कर दे।

साउथ अफ्रीका से दूसरी पारी में कप्तान नील ब्रांड ने 2 विकेट लिए। एक-एक विकेट डेन पैटरसन और रुआन डे स्वार्ट को भी मिला। ब्रांड ने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे। वह अपना डेब्यू मैच खेल रहे हैं। साउथ अफ्रीका के कप्तान नील ब्रांड ने दूसरी पारी में 2 विकेट लिए। उन्होंने पहली पारी में 6 विकेट लिए थे।

### साउथ अफ्रीका ने 80/4 से आगे बढ़ाई पारी

साउथ अफ्रीका ने तीसरे दिन अपनी पहली पारी में 80/4 के स्कोर से आगे बढ़ाई। डेविड बेडिंघम और कीगन पीटरसन ने खेलना शुरू किया। बेडिंघम ज्यादा देर टिक नहीं सके और 83 के स्कोर पर टीम ने पांचवां विकेट गंवा दिया। बेडिंघम 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उनके बाद रुआन डे स्वार्ट खाता खोले बगैर ही एलबीडब्ल्यू हो गए।

### पीटरसन टिके, दूसरे एंड से गिरते रहे विकेट

100 रन के अंदर 6 विकेट गंवाने के बाद पीटरसन ने टीम को संभाला। वह टीम को 100 रन के पार ले गए, लेकिन उनके सामने क्लाइड फोर्च्यून 9 रन बनाकर आउट हो गए। पीटरसन ने टीम का स्कोर 150 के पार पहुंचाया लेकिन खुद भी 45 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। पीटरसन के जाते ही साउथ अफ्रीका ने अगले 10 रन बनाने में 2 विकेट गंवा दिए। शेफो मोरेकी 5 और डेन पैटरसन 1 रन बनाकर आउट हो गए। टीम 72.5 ओवर में 162 रन ही बना सकी।

### कप्तान साउदी को छोड़ सभी को मिले विकेट

न्यूजीलैंड के कप्तान टिम साउदी ने पहली पारी में 5 गेंदबाजों को आजमाया। पारी में उन्हें छोड़ सभी ने विकेट निकाले। मैट हेनरी (3) और काइल जैमिसन (2) की पेस जोड़ी ने मिलकर 5 विकेट निकाले। वहीं लेफ्ट आर्म स्पिनर्स मिचेल सैंटनर (3) और रचिन रवींद्र (2) ने भी मिलकर 5 ही विकेट लिए।

### दोनों टीमों की प्लेइंग इलेवन

न्यूजीलैंड- टिम साउदी (कप्तान), टॉम लैथम, डेवोन कॉन्वे, केन विलियमसन, रचिन रवींद्र, डेरिल मिचेल, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), ग्लेन फिलिप्स, मिचेल सैंटनर, काइल जैमिसन और मैट हेनरी।

साउथ अफ्रीका- नील ब्रांड (कप्तान), एडवर्ड मूर, रेनार्ड वान टोन्डर, जुबैर हमजा, डेविड बेडिंघम, कीगन पीटरसन, रुआन डे स्वार्ट, क्लाइड फोर्च्यून (विकेटकीपर), डुआन ओलिवर, शेफो मोरेकी और डेन पैटरसन।

# ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीता तीसरा वनडे

## वेस्टइंडीज 86 पर ऑलआउट, बार्टलेट को 4 विकेट; सीरीज 3-0 से कंगारुओं के नाम

**ओवल (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीसरे वनडे में 8 विकेट से हरा दिया है। केनबेरा में पहले बैटिंग करते हुए वेस्टइंडीज टीम 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट ने 4 विकेट लिए।

87 रन का टारगेट होम टीम ने 6.5 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। जैक फ्रेजर मैगर्क ने 41 और जोश इंग्लिस ने 35 रन बनाए। तीसरे वनडे में जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने सीरीज भी 3-0 से अपने नाम कर ली।

**वेस्टइंडीज की शुरुआत ही खराब हुई-** केनबेरा के मनुका ओवल मैदान पर ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। पहले बैटिंग करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत खराब रही। टीम ने 13 रन के स्कोर पर ही पहला विकेट गंवा दिया। योर्न ओटली 8 ही रन बनाकर जेवियर बार्टले का शिकार हुए। यहां से एलिक एथनाज ने कीसी कार्टी के साथ टीम को संभाला।



## पावरप्ले के बाद लगी विकेट की झड़ी

पहले पावरप्ले में एक ही विकेट गंवाने के बाद वेस्टइंडीज की पारी बिखर गई। 11वें ओवर में कार्टी 10 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद कप्तान शाई होप 4, एलिक एथनाज 32, रोस्टन चेज 12, रोमारियो शेफर्ड 1 और अल्जारी जोसेफ 6 रन बनाकर आउट हो गए।

टेडी बिशप, मैथ्यू फोर्ड, गुडाकेश मोटी और ओशन थोमस खाता भी नहीं खोल सके। टीम 24.1 ओवर में 86 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया से जेवियर बार्टलेट को 4 विकेट मिले। लांस मौरिस और एडम जम्पा ने 2-2 विकेट निकाले, जबकि एक सफलता शॉन एबट को मिली। वहीं एक बैटर रन आउट भी हुआ।

# विश्व की सर्वश्रेष्ठ टीमों की शैली से परिचित होंगे भारतीय युवा खिलाड़ी : हरमनप्रीत



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** भारतीय हॉकी पुरुष टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि एफआईएच प्रो लीग चरण में भारतीय टीम के युवा हॉकी खिलाड़ी दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खेलने शैली जान पाएंगे। हरमनप्रीत ने कहा कि हम अभी दक्षिण अफ्रीका के एक सफल दौरे से वापस लौटे हैं वहां हमें प्रो लीग से पहले फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका और नीदरलैंड के खिलाफ अपने खेल को परखने का मौका मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया गया है और यह उनके लिए दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों की खेल शैली से परिचित होने का एक शानदार अवसर होगा।

भारतीय कप्तान ने कहा कि हम प्रो लीग को बहुत गंभीरता से ले रहे हैं क्योंकि इसे जीतने से हमें एफआईएच हॉकी विश्वकप 2026 के लिए सीधी क्वालिफिकेशन मिलेगी। इसके साथ ही यह आयोजन पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उल्लेखनीय है कि भारत प्रो लीग के इस सत्र के अपने पहले मैच में 10 फरवरी को स्पेन से, उसके बाद 11 फरवरी को नीदरलैंड के खिलाफ भिड़ेगा।

# माइकल क्लिंगर बने गुजरात जायंट्स के हेड कोच

## मिताली राज और नूशिन के साथ काम करेंगे, सीजन-1 में आखिरी स्थान पर थी टीम

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज माइकल क्लिंगर को विमेंस प्रीमियर लीग 2024 से पहले गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। वह ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज राचेल हेन्स



की जगह लेंगे। क्लिंगर अब गेंदबाजी कोच नूशिन अल खादीर और सलाहकार मिताली राज के साथ काम करेंगे।

क्लिंगर के नियुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए गुजरात जायंट्स की सलाहकार मिताली राज ने कहा कि माइकल क्लिंगर के टीम के साथ जुड़ने से खिलाड़ियों को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद मिलेगी। माइकल शानदार बैटर रहे हैं। उनके अनुभव का फायदा टीम के युवा खिलाड़ियों को होगा।

**क्लिंगर बीबीएल में भी कोच की भूमिका निभा चुके हैं-** क्लिंगर रिटायरमेंट के बाद 2019-20 दो सीजन के लिए बीबीएल में मेलबर्न रेनेगेड्स के मुख्य कोच रह चुके हैं। वहीं वह इस सीजन में डब्ल्यूबीबीएल में सिडनी थंडर के सहायक कोच थे। सिडनी थंडर इस सीजन में चौथे स्थान पर रही।

**पिछले साल गुजरात जायंट्स ने 2 मुकाबले ही जीते थे-** पिछले साल गुजरात जायंट्स का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। गुजरात जायंट्स को 8 में से 6 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था। टीम पॉइंट टेबल में सबसे नीचे 5वें स्थान पर थी।



# ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में कमिंस-स्टार्क की वापसी

## न्यूज़ीलैंड के खिलाफ मिचेल मार्श ही कप्तानी करेंगे; सीरीज 21 फरवरी से

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया की टी-20 टीम में पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने अपनी टीम का ऐलान किया। वेस्टइंडीज के खिलाफ कप्तानी करने वाले मिचेल मार्श ही न्यूजीलैंड के सामने भी टीम की कप्तानी करेंगे।ऑस्ट्रेलिया टीम 21 फरवरी से न्यूजीलैंड दौरे पर रहेगी। टीम यहां 3 टी-20 और 2 टेस्ट खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया फिलहाल वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर्स सीरीज खेल रही है।

# फैबियन एलन के साथ गन पॉइंट पर लूट

## होटल के बाहर फोन और बैग छीना,फ्रेंचाइजी ने कहा- खिलाड़ी पूरी तरह सुरक्षित

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के इंटरनेशनल क्रिकेटर फैबियन एलन के साथ बंदूक की नोंक पर लूट हो गई। जमैका के ऑलराउंडर वर्तमान में एस-20 लीग में खेल रहे हैं। 28 साल के एलन पार्ल रॉयल्स फ्रेंचाइजी का हिस्सा हैं।

फेबियन को जोहान्सबर्ग में टीम होटल के बाहर निशाना बनाया गया। बंदूक से लैस हमलावरों ने सैंडटन सन होटल के पास एलन को बंदूक दिखाकर उनका फोन और बैग समेत निजी सामान जबरन छीन लिया। इस घटना ने S20 में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। पार्ल रॉयल्स टीम, एसए 20 और क्रिकेट वेस्टइंडीज के सूत्रों ने इस घटना की पुष्टि की है। फ्रेंचाइजी ने भी उनके सुरक्षित होने की पुष्टि की।

**फ्रेंचाइजी ने कहा, खिलाड़ी का पूरा ध्यान रखा जा रहा-** पार्ट रॉयल्स फ्रेंचाइजी ने घटना के बाद कहा, कैरेबियन ऑलराउंडर पूरी तरह सुरक्षित हैं। वह अपनी टीम के साथ एलिमिनेटर की तैयारी कर रहे हैं। फ्रेंचाइजी अपने प्लेयर्स की सेफ्टी का ध्यान रखने के साथ उन्हें पर्सनल टाइम भी देती है।



घटना के बाद खिलाड़ियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। फेबियन भी इस वक्त अच्छा महसूस कर रहे हैं और एलिमिनेटर खेलने के लिए अवेलेबल भी हैं।

**खिलाड़ियों की सुरक्षा में दूसरी बार चूक-** बीते दिनों एस20 के खिलाड़ियों की सुरक्षा में चूक का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी एक घटना हो चुकी है। यह लीग का दूसरा सीजन है, जो प्लेऑफ चरण में पहुंच गया है।





# पूनम पांडे के पब्लिसिटी स्टंट पर फूटा शर्लिन चोपड़ा का गुस्सा

अभिनेत्री और मॉडल पूनम पांडे को लेकर शुक्रवार को खबर आई थी कि उनका निधन हो गया, जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया था। हालंकि, शनिवार को पूनम खुद सामने आई और कहा कि वे जिंदा हैं। विवादों में रहने वालीं पूनम पांडे ने कैंसर जागरूकता के नाम पर ये जो कुछ किया, उससे सोशल मीडिया पर एक नई बहस छिड़ गई है। डेथ स्टंट से लोगों में आक्रोश फैल गया है। सेलेब्स से लेकर आम जनता तक हर कोई उनके व्यवहार की आलोचना कर कहा है। अब शर्लिन चोपड़ा ने उनके इस पीआर स्टंट पर प्रतिक्रिया दी है। शर्लिन चोपड़ा ने पूनम पांडे के इस पब्लिसिटी स्टंट को लेकर कहा, क्या कोई भी सामाजिक जागरूकता अभियान धोखाधड़ी और झूठ के आधार पर चलाया जा सकता है। पूनम ने फॉड का इस्तमाल क्यों किया? सर्वाइकल कैंसर से पीड़ित महिलाएं कह रही हैं, वो पूनम पांडे के इस स्टंट को लेकर शर्मिंदा महसूस कर रही हैं। तो आपने क्या हासिल किया, पूनम? गौरतलब है कि शुक्रवार, 2 फरवरी की सुबह करीब 11:30 बजे पूनम पांडे के इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट साझा किया गया। इसमें लिखा गया था कि हमने सर्वाइकल कैंसर की वजह से पूनम को खो दिया है। साथ ही यह भी कहा गया कि परिवार की निजता का सम्मान किया जाए। शुरुआत में किसी को यकीन नहीं हुआ, लेकिन न्यूज एजेंसियों ने भी इस पोस्ट के हवाले से ही खबर की पुष्टि कर दी। यही नहीं, उनके मैनेजर ने भी अलग-अलग मीडिया से बात कर उनके निधन की खबर को सही ठहराया। शनिवार को अभिनेत्री ने खुद का एक वीडियो साझा करते हुए इस खबर को गलत बताया और अपने बयान में जोड़ा, मुझे खेद है कि मैं इस आंसू का कारण बनी और जिन लोगों को मैंने ठेस पहुंचाई है, उनके लिए मैं माफी चाहती हूं। मैं बातचीत में सभी को चौंकाना चाहती हूं। हम इसके बारे में पर्याप्त बात नहीं कर रहे हैं, जो कि सर्वाइकल कैंसर है। शर्लिन ने आगे कहा, हां! मैंने अपने निधन की झूठी कहानी बनाई है... चरम मुझे पता है...लेकिन अचानक हम सभी सर्वाइकल कैंसर के बारे में बात कर रहे हैं, हैं न? यह एक ऐसी बीमारी है जो चुपचाप आपकी जान ले लेती है और इस बीमारी को तुरंत सुर्खियों में आने की जरूरत थी। मुझे इस बात पर गर्व है कि मेरी मौत की खबर से मुझे क्या हासिल हुआ है। इसी बीच शनिवार को पूनम पांडे के खिलाफ वकील अली काशिफ ने एफआईआर दर्ज कराई है। मौत की झूठी खबर फैलाने के आरोप में पूनम की मैनेजर निकिता शर्मा के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है।



# अपने संघर्ष के दिनों को याद करके बोली रूपाली गांगुली

**अपने समय के बेहतरीन निर्देशकों में शामिल रहे निर्देशक अनिल गांगुली की बेटी रूपाली गांगुली इन दिनों अपने टीवी शो अनुपमा को लेकर बहुत चर्चाओं में हैं। रूपाली के पिता अनिल गांगुली फिल्में बनाते थे और एक समय ऐसा आया जब उनकी फिल्में फ्लॉप होने लगीं, उस दौर में रूपाली ने घर में मुश्किलें देखीं।**

टीवी एक्ट्रेस रूपाली गांगुली आज जाना-पहचाना नाम हैं। वो टीवी की टॉप एक्ट्रेसेस की लिस्ट में शुमार हैं। रूपाली का शो अनुपमा घर-घर में पसंद किया जाता है। शो टीआरपी रेटिंग्स में भी टॉप रहता है। आज रूपाली सक्सेस एंजॉय कर रही हैं। हालांकि, एक वक्त ऐसा भी था जब रूपाली को काफी स्ट्रगल करना पड़ा।

## पापा की फिल्में हुई फ्लॉप

बातचीत में रूपाली ने स्ट्रगल के दिनों को याद करते हुए बताया- मेरे पापा की फिल्में जब फ्लॉप हुईं तो हमने मुश्किल वक्त देखा और हमारे पास जो भी था वो बिक गया था। घर और जूलरी बिक गई थी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वो वर्ली से पृथ्वी थिएटर (15 किलोमीटर) तक चलकर जाती थी। स्ट्रेस की वजह से उनके पिता की तबियत खराब होने लगी और उन्हें डायबिटीज हो गई थी।

## 50 रुपये थी पहली सैलरी

रूपाली ने अपनी थिएटर में एंट्री को लेकर बताया- मेरा पहला प्ले पृथ्वी थिएटर में था। इसे दिनेश ठाकुर ने प्रोड्यूस किया था। मैंने अपनी थिएटर जर्नी वहां से शुरू की थी। मुझे पहले प्ले के 50 रुपये मिले थे और कभी-कभी समोसा भी मिल जाता था। ये बहुत सारा पैसा था।

## रूपाली गांगुली का करियर

रूपाली के करियर की बात करें तो उन्होंने फिल्मों से शुरुआत की। वो फिल्म साहब, मेरा यार मेरा दुश्मन, बलिदान, दो आंखें 12 हाथ, अंगारा जैसी फिल्मों में दिखीं, लेकिन रूपाली का करियर फिल्मों में चला नहीं। 2000 में एक्ट्रेस ने टीवी इंडस्ट्री में कदम रखा। वो सुकन्या में नजर आईं। इसके बाद उन्होंने दिल है कि मानता नहीं, जिंदगी...तेरी मेरी कहानी, संजिवनी, भाभी, कहानी घर-घर की जैसे शोज किए. उनके शो साराभाई वर्सेज साराभाई को काफी पसंद किया गया। 2011 में वो शो परवरिश में नजर आईं। इस शो को भी फैंस ने पसंद किया। इसके बाद रूपाली ने 2013 में एक शो होस्ट किया। फिर वो लंबे समय तक टीवी पर नजर नहीं आईं। 2020 में उन्होंने अनुपमा से वापसी की और जबरदस्त हिट हो गईं। इस शो में रूपाली गांगुली लीड रोल अनुपमा का किरदार निभा रही हैं।

# यशराज प्रोडक्शन का आलिया भट्ट पर बड़ा दांव

वॉर, पठान और टाइगर जिंदा है, एक था टाइगर और टाइगर 3 के बाद अब यशराज प्रोडक्शन अपने स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म की तैयारी में जुट चुका है। रिपोर्ट्स की मानें तो स्पाई यूनिवर्स की अगली फिल्म में आलिया भट्ट लीड रोल निभाने वाली हैं। आलिया भट्ट इस फैंचाइजी की पहली फीमेल स्पाई होने वाली हैं। हाल ही में पिंकविला ने फिल्म से जुड़े करीबी सूत्र के हवाले से लिखा है, आलिया भट्ट और शरवरी वाघ फिल्म में अहम किरदार निभाने वाली हैं। इस फिल्म को शिव रवैल डायरेक्ट करने वाले हैं, जिन्होंने हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई सीरीज द रेलवे मैन डायरेक्ट की है। द रेलवे मैन में शिव का काम देखने के बाद आदित्य चोपड़ा ने उन्हें स्पाई यूनिवर्स डायरेक्ट करने की जिम्मेदारी दी है। दोनों के बीच पिछले कई दिनों से प्रोजेक्ट पर चर्चा जारी थी, हालांकि अब शिव रवैल ने ऑन पेपर फिल्म साइन कर ली है। बताते चलें कि शिव रवैल आदित्य चोपड़ा के असिस्टेंट डायरेक्टर रह चुके हैं। बताते चलें कि यशराज प्रोडक्शन ने सलमान खान स्टारर फिल्म एक था टाइगर से स्पाई यूनिवर्स की शुरुआत की थी, जिसमें टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान और टाइगर 3 भी जुड़ चुकी हैं। अब तक स्पाई यूनिवर्स की कमान सलमान खान, शाहरुख खान और ऋतिक रोशन ने संभाली थी, लेकिन ये पहली बार होगा, जब फिल्म को फीमेल स्पाई के इर्द गिर्द बनाया जाएगा।

## 2024 के आखिरी में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

दीपिका पादुकोण और कटरीना कैफ भी यशराज प्रोडक्शन की फिल्मों में स्पाई बन चुकी हैं, हालांकि उन्हें फिल्मों में मेल स्पाई के मुकाबले कम तवज्जो दी गई थी। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की इस फिल्म की शूटिंग इसी साल के आखिर में शुरू होगी।

# वंगा ने शाहरुख खान के साथ काम करने की जताई इच्छा



संदीप रेड्डी वांगा फिल्म एनिमल की रिलीज के बाद से ही चर्चा में बने हुए हैं। रणबीर कपूर, बॉबी देओल अभिनीत यह फिल्म वर्ष 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म थी। जहां दर्शकों एक वर्ग ने फिल्म को पसंद किया, वहीं दूसरे वर्ग ने महिला विरोधी फिल्म बताकर आलोचना की। वहीं, अब एक बातचीत के दौरान संदीप रेड्डी वांगा ने खुलासा किया कि बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने फिल्म का टीजर देखा है और उन्हें यह पसंद आया है। इसके अलावा उन्होंने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा भी जाहिर की। संदीप रेड्डी वांगा ने शाहरुख खान के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि हालांकि वे शाहरुख से दो बार मिल चुके हैं, लेकिन साथ में सहयोग करने के बारे में कोई बात नहीं हुई है। एनिमल ने कहा, मैं शाहरुख खान सर के साथ काम करना चाहता हूं। मेरा हर अभिनेता के लिए कुछ ना कुछ आइडिया रहेगा। बॉलीवुड में मैं शाहरुख सर और रणवीर सिंह के साथ काम करना चाहता हूं। एनिमल की रिलीज के बाद एक इवेंट में शाहरुख खान ने अपनी भूमिकाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वे जिन नायकों की भूमिका निभाते हैं वे अच्छे काम करते हैं और लोगों को आशा और खुशी देते हैं लेकिन अगर वह खलनायक या बुरे आदमी की भूमिका निभाता है, तो वे चाहते है कि इस किरदार को बहुत कष्ट सहना पड़े। हालांकि, शाहरुख ने किसी फिल्म का जिक्र नहीं किया था ।



# अयान मुखर्जी के वॉर 2 निर्देशन पर सिद्धार्थ आनंद ने तोड़ी चुप्पी

सिद्धार्थ आनंद इन दिनों अपनी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन कर रही है। हालांकि, सिद्धार्थ की यह फिल्म अब तक उनकी पिछली ब्लॉकबस्टर पठान और वॉर की तरह झंडे नहीं गाड़ सकी है। इसी बीच यशराज की स्पाई यूनिवर्स की फिल्म वॉर 2 के निर्माण को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, वॉर 2 का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद नहीं बल्कि अयान मुखर्जी करेंगे। अब फाइटर डायरेक्टर ने इस मुद्दे पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। एक साक्षात्कार में सिद्धार्थ ने कहा कि उन्हें इस बात का गर्व है कि अयान मुखर्जी उनके निर्देशन में बनी वॉर की अगली कड़ी वॉर 2 का निर्देशन कर रहे हैं। गौरतलब है कि वॉर यशराज स्पाई यूनिवर्स की तीसरी फिल्म थी, जिसमें ऋतिक रोशन, टाइगर श्रॉफ और वाणी कपूर मुख्य भूमिका में थे। सिद्धार्थ ने इस दौरान यशराज फिल्मस के प्रमुख आदित्य चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते के बारे में भी बातचीत की। सिद्धार्थ ने कहा, मुझे गर्व महसूस हो रहा है कि मेरी बनाई फिल्म किसी और के लिए इतनी महत्वपूर्ण है। यह गर्व सिर्फ मैं महसूस कर सकता हूं। यह एक बच्चे की तरह है कि आपका बेटा किसी और की संगति में आगे बढ़ रहा है। यह ऐसा है जैसे मेरा बेटा मार्फ़्लिक्स (सिद्धार्थ आंनद क प्रोड्क्शन हाउस) में काम नहीं कर रहा है, बल्कि किसी अन्य कंपनी को लीड कर रहा है। यह उस तरह का एहसास है कि मैंने कुछ ऐसा बनाया है जो किसी और को संभालने के योग्य है। वहीं, आदित्य चोपड़ा के साथ अपने रिश्ते को लेकर बात करते हुए उन्होंने कहा, आदि और मेरे बीच एक खूबसूरत रिश्ता है। मैं इसे पिता और बेटे के रिश्ते की तरह देखता हूं, हालांकि वे इतना बूढ़े नहीं है, लेकिन मैं उनका सम्मान करता हूं और उन्हें पितातुल्य मानता हूं। सिद्धार्थ ने आगे कहा, हम हमेशा किसी न किसी चीज को लेकर बातचीत करते रहते हैं। अब मैंने पठान भी बना लिया है कल को अगर कोई और पठान 2 बनाता है, तो इसमें कोई बुरी बात नहीं है। ये मेरी रचना हैं, मुझे यह जानकर गर्व होगा कि कोई और इसे आगे ले जा रहा है।



# शाहिद ने दिया फर्जी 2 पर जवाब, बोले- कुछ चीजें मेरे हाथ में..

बॉलीवुड में अपनी अदाकारी का लोहा मनवा चुके शाहिद कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। दर्शकों में इस फिल्म को लेकर भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। शाहिद भी अपनी फिल्म को प्रमोट करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पिछले दिनों तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया के प्रमोशन के दौरान शाहिद अपनी आने वाली वेब सीरीज फर्जी 2 के बारे में भी मीडिया से खुलकर बातें करते दिखाई दिए।

## फर्जी 2 की रिलीज डेट

शाहिद कपूर जो भी काम करते हैं उसमें अपना सौ प्रतिशत देते हैं। पिछले साल शाहिद कपूर एक वेब सीरीज फर्जी में नजर आए थे। दर्शकों को फर्जी की कहानी के साथ साथ शाहिद की भूमिका भी काफी पसंद आई थी। अब दर्शक बेसब्री से फर्जी के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं। मीडिया ने जब शाहिद से फर्जी 2 के बारे में सवाल किया तब शाहिद मुस्कुराते हुए बोले, कुछ चीजें मेरे हाथ में नहीं है। मैं दर्शकों का बेहद शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने फर्जी के पहले सीजन को इतना प्यार दिया, लेकिन फर्जी 2 कब रिलीज होगी इसके बारे में मैं अभी कुछ भी नहीं बोल सकता हूं। हां, इतना जरूर बताना चाहूंगा कि जल्द ही फर्जी 2 आपके सामने होगी।


## फर्जी के डायरेक्टर हैं व्यस्त

शाहिद कपूर अपनी बात जारी रखते हुए कहते हैं, सब जानना चाहते हैं कि फर्जी 2 कब बनेगी, लेकिन मैं कैसे समझाऊं कि फर्जी के निर्देशक अभी दूसरे प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं। एक बार जब वे फ्री हो जाएंगे फिर फर्जी 2 पर काम शुरू करेंगे।

## शाहिद का वर्क फ्रंट

पिछले दिनों शाहिद कपूर वेब सीरीज फर्जी में नजर आए थे। शाहिद कपूर के अलावा फर्जी में विजय सेतुपति और राशी खन्ना भी अहम भूमिका में दिखाई दिए थे। चंद दिनों के बाद अभिनेता की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया रिलीज होने वाली है।

# राजामौली-महेश बाबू की फिल्में हुई नागार्जुन की एंट्री



एसएस राजामौली अपनी शानदार फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। आरआरआर के बाद उनका अगला प्रोजेक्ट महेश बाबू के साथ है। इस फिल्म को लेकर फैंस में काफी ज्यादा उत्साह देखने को मिल रहा है। हाल ही में एक मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म में नागार्जुन भी नजर आ सकते हैं। महेश बाबू की यह फिल्म अभी प्री प्रोडक्शन स्टेज में है। फिलहाल इसको लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन इस खबर ने दर्शकों की उत्सुकता बढ़ा दी है।

# भाजपा का शक्ति वंदन अभियान 10 को : मनोज गुप्ता




**नोएडा (चेतना मंच)।** भाजपा जिला कार्यालय सेक्टर-116 में आगामी विशेष कार्यक्रम शक्ति वंदन अभियान को लेकर बैठक हुई।

इस अभियान के माध्यम से जिला स्तर पर शक्ति वंदन कार्यक्रम 10 फ़रवरी को होगा जहां पर महिला संबंधित एनजीओ जो हर क्षेत्र (शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, स्किल आदि) में काम कर रहे हैं उनके साथ चाय पर चर्चा का आयोजन होगा। इस अभियान के तहत दूसरा कार्यक्रम शक्ति सम्मान होगा जहां सभी एनजीओ के प्रतिभागियों को शक्ति वंदन किट प्रदान की जायेगी। स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) संपर्क - जहां पर एसएचजी बहनों से संपर्क किया जाएगा और सरकार की उपलब्धियों पर चर्चा होगी।

22 फ़रवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण होगा जो एलईड के माध्यम से सभी मंडलों में में चलाया जायेगा। 25-26 फ़रवरी के तहत एनजीओ सम्मेलन का आयोजन भी होगा। इस अभियान के लिए पूरी जिला स्तर पर टोली भी बना दी है। इस अभियान के लिए महामंत्री उमेश त्यागी को इसका प्रभारी बनाया। बैठक में उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, पूर्व अध्यक्ष राकेश शर्मा, मनीष शर्मा, महेश अवना, युद्धवीर चौहान, गिरीश कोतनाला, तन्मय शंकर, विनोद शर्मा, एस पी चमोली, प्रमोद बेहाल, चमन आवाना, गोपाल गौड़, कल्लू सिंह, लोकेश कश्यप, पंकज झा, निर्मल सिंह, प्रदीप चौहान, सत्य नारायण महावर, उमेश यादव, शारदा चतुर्वेदी, ओमवीर अवाना, शिवंश श्रीवास्तव, पूनम सिंह, राम निवास यादव, मुकेश शर्मा, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसटीपी शोधित जल के प्रबंधन पर सीईओ ने टीम को दी बधाई

## दोनों एसीईओ ने डा. लोकेश एम को सौंपे एवार्ड

**नोएडा (चेतना मंच)।** वर्ल्ड वाटर एवार्डस 2023-24 के तहत नोएडा प्राधिकरण को सर्वश्रेष्ठ एसटीपी (सरकारी) तथा वाटर रियूज प्रोजेक्ट ऑफ द हेयर (सरकारी) एवार्ड मिलने पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) ने खुशी जताई।



एसीईओ सतीश पाल तथा एसीईओ संजीव खत्री ने दोनों ही पुरस्कार सीईटो डा0 लोकेश एम को समर्पित किए गए। इस दौरान मुख्य विधि सलाहकार भी मौजूद थे।

इस मौके पर सीईओ डा0 लोकेश एम ने जल विभाग के उप महाप्रबंधक आर.पी. सिंह समेत सभी टीम का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कराने की अपेक्षा की। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष-2024-25 तक प्राधिकरण 125 एमएलडी शोधित जल का उपयोग कर सकेगा।

वर्तमान में कुल प्राप्त 260 एमएलडी शोधित जल की मात्रा में 70-75 एमएलडी मात्रा का उपायोग पार्कों व ग्रीन वेल्ट की सिंचाई, फायर बिग्रेड पेड़ों पर छिड़काव, गोल्फ कोर्स वेटलैंड तथा निर्माणाधीन भवनों में प्रयोग किया जा रहा है। आज पत्रकारवार्ता करके एसीईओ सतीश पाल ने पत्रकारों को कल मिले दोनों एवार्ड के संबंध में विस्तार से चर्चा की तथा उन्होंने अपेक्षा जताई कि आने वाले समय में प्राधिकरण की जल तथा सीवर विभाग की टीम और भी उल्लेखनीय कार्य करेगी।

इस मौके पर जल एवं सीवर विभाग के उप महाप्रबंधक आर0पी0 सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# 347 किसानों को मिलेंगे 5 फीसदी भूखंड : सीईओ

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा अथॉरिटी) को जमीन देने वाले किसानों को 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इससे 31 गांवों को किसानों की लंबे वक्त से चल रही मांग पूरी हो जाएगी। नोएडा के सीईओ लोकेश एम. ने बताया कि 347 काश्तकारों को देय 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन किया जाएगा। इन किसानों की सूची तीन पत्रावलियों के जरिए नोएडा अथॉरिटी ने तैयार की हैं। तीनों लिस्ट वेबसाइट पर प्रकाशित कर दी गई हैं। अगर इन नामों पर किसी को कोई आपत्ति है तो अगले 15 दिनों में दाखिल कर सकते हैं। इसके बाद इन 347 काश्तकारों को 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन कर दिया जाएगा।

सीईओ ने बताया कि शहर के सेक्टर-146 में 31 गांवों के किसानों को 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों का आवंटन किया जाना है। इसके लिए साइट प्रस्तावित है। इनके अतिरिक्त 8 और गांवों मोहियापुर, सुथियाना, इलाहबास, नगली-नगला, रसूलपुर नवादा, शहदरा, पर्थला खंजरपुर और छिजारसी के 5 प्रतिशत आबादी भूखंडों का नियोजन प्राधिकरण की उपलब्ध और कब्जा प्राप्त भूमि पर किया गया है। इन 31 ग्रामों के लगभग 268 काश्तकारों, ग्राम सदरपुर के कुल 35 काश्तकारों और 8 ग्रामों के 44 काश्तकारों के कुल 347 काश्तकारों के लिए 5त्न आबादी भूखंडों का आवंटन किया जाएगा।

सीईओ ने कहा कि यदि किसी काश्तकार को इस सूची में कोई आपत्ति है या वह कोई सुझाव दर्ज कराना चाहते हैं तो इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन के बाद 15 दिन की अवधि में अपनी आपत्ति या सुझाव दे सकते हैं। मसलन, किसी को नाम, वारिसान, मूल निवासी या विभाजन पर आपत्ति हो सकती है। यह आपत्ति नोएडा अथॉरिटी के मुख्यालय में महाप्रबन्धक (नियोजन) के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करनी होगी। निर्धारित तिथि के बाद प्राधिकरण प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया करेगा। निर्धारित तिथि तक आने वाली आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद अंतिम सूची के मुताबिक भूखंडों का आवंटन कर दिया जाएगा।

# 8 को रोजगार मेला, बेरोजगार युवाओं को मिलेगी नौकरी

**नोएडा (चेतना मंच)।** 8 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झुप्पा पलवल रोड जेवर में रोजगार मेले का होगा आयोजन [प्रधानाचार्य/नोडल अधिकारी राजकीय आई.टी.आई. नोएडा नीती मिश्रा ने बताया कि 8 फरवरी को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान झुप्पा पलवल रोड जेवर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में ऐसे अभ्यार्थी प्रतिभाग कर सकते हैं, जो आई.टी.आई और कौशल विकास मिशन की विभिन्न योजनाओं से उत्तीर्ण अथवा 10वीं/ 12वीं/ आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ग्रेजुएट उत्तीर्ण हो।

आयोजित होने वाले रोजगार मेले में इच्छुक अभ्यर्थी 08 फरवरी 2024 सुबह 10:00 बजे से सांय 4: 00 बजे तक अपने सभी मूल प्रमाण पत्र एवं रिज्यूम की छायाप्रति के साथ मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

उन्होंने बताया रोजगार मेले में जनपद गौतमबुद्धनगर में स्थित लगभग 15 कम्पनियां/अधिष्ठान जैसे-होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट लिमिटेड, यामाहा मोटर लिमिटेड, ओरिएंट फैशन एक्सपोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, सिद्धि इंफोनेट प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ, मदर्सन सुमी वायरिंग, डिक्सन टेक्नोलॉजी इंडिया लिमिटेड, एलांटेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एवं वैलमैन एंप्लॉयमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड इत्यादि उपस्थित रहेगी।

# गौतम बुद्ध विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स का रैंक समारोह आयोजित

**नोएडा (चेतना मंच)।** गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में 31 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी कैडेट्स के रैंक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. रविन्द्र कुमार सिन्हा, अधिष्ठाता शैक्षणिक प्रोफेसर एन.पी. मेलकानिया, 31 यूपी गर्ल्स बटालियन के सूबेदार राजेश यादव, अधिष्ठाता प्रभारी छात्र कल्याण डॉ मनमोहन सिंह शिशोदिया, सी.टी.ओ एनसीसी डॉ. भावना जोशी, विभिन्न स्कूलों के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष और शिक्षकगण उपस्थित रहे।




समारोह का प्रारम्भ सरस्वती वंदना के उपरांत अतिथियों को स्वागत चिन्ह देकर किया गया। उसके उपरांत सीटीओ डॉ भावना जोशी के द्वारा एनसीसी और रैंक समारोह का कैडेटों के लिए महत्व बताया गया।

रैंक समारोह में कैडेट कामाक्षी त्यागी एवं कैडेट चारू पंवार को सीनियर अंडर ऑफिसर (SUO) रैंक, और कैडेट नेहा बालयान को अंडर ऑफिसर (UO) रैंक प्रदान की गई। कैडेट रोशनी, कैडेट आरुषि शर्मा और कैडेट सुहानी को सार्जेंट (SGT) रैंक दी गई। कैडेट कुहेली सरेन और कैडेट सुरुचि बालियान को कॉर्पोरल (CPL) रैंक दी गई। कैडेट लक्ष्मी और कैडेट स्वाति तंवर को लांस कॉर्पोरल (LCPL) रैंक दी गई।

कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन सीटीओ डॉ. भावना जोशी के द्वारा दिया गया। इसके उपरांत रैंक समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया ।

# डीएम ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित

## गोवा में पैरागेम्स में गोल्ड मेडल जीता अनुराधा चौहान ने



**नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रामीण एजुकेशन सोसाइटी द्वारा ग्राम सादुल्लापुर में खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

सम्मान समारोह में डीएम मनीष कुमार वर्मा ने दिल्ली पुलिस में चयनित 18 बालक-बालिकाओं एवं गोवा में आयोजित हुए पैरा गेम्स में गोल्ड मेडल जीत कर आई अनुराधा चौहान को सम्मानित किया। इस अवसर पर उपक्रीड़ा अधिकारी अनीता नागर, ग्रामीण एजुकेशन सोसाइटी की संस्थापक बबीता नागर तथा नीलम भाटी उपस्थिति रही।

# युवा पर्यटन क्लब ने किया पक्षी विहार का भ्रमण

**नोएडा (चेतना मंच)।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग एवं ईको टूरिज्म विकास बोर्ड की पहल



से सेक्टर-24 स्थित केन्द्रीय विद्यालय एवं सेक्टर-12 राजकीय इंटर कॉलेज, नोएडा 'युवा पर्यटन क्लब' के 40 सदस्यों को ओखला पक्षी विहार का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने हरी झंडी दिखाकर क्लब के सदस्यों को विहार के लिए रवाना करते हुए ईको पर्यटन के महत्व पर संक्षिप्त संबोधन दिया।

गौरतलब हो कि 'युवा टूरिज्म क्लब' पर्यटन मंत्रालय की तरफ से शुरू की गयी एक अनूठी पहल है, उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग के जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा प्रदेश के सभी जनपदों में स्थापित शासकीय एवं गैर शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में 'युवा पर्यटन क्लब' का गठन कराया जा रहा है, अब तक प्रदेश में कुल 1,506 क्लब का गठन किया गया है, जिसमें कुल 32,308 पर्यटन मित्र नामित किए गए हैं। प्रत्येक क्लब में छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षकों को भी शामिल किया गया है।



ओखला बर्ड फेस्टिवल में आये पर्यटन मित्रों ने बताया कि यहां आकर हमें पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों के बारे में दूरबीन से देखने और जानने का मौका मिला। कांफ्रेंस हॉल में बच्चों को वीडियो दिखाकर अभयारण्य एवं पक्षियों के बारे में जानकारी दी गयी। इस दौरान विभिन्न गतिविधियां एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी कराई गयी। अंजलि झा, यश शानी, श्रद्धा शर्मा, अनिका श्रीवास्तव, प्रिया चौधरी, आयुषी पाण्डेय एवं प्राची थपलियाल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अव्वल स्थान प्राप्त किया। सभी प्रतिभागियों को प्रशस्तिपत्र के साथ ओखला पक्षी विहार का ब्रोशर दिया गया।

फारेस्ट रेंज ऑफिसर अमित गुप्ता एवं बर्डरर रोहित शर्मा ने भ्रमण पर आये युवा क्लब के सदस्यों को ओखला पक्षी विहार के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान उप निदेशक पर्यटन विभाग मेरठ प्रीति श्रीवास्तव भी मौजूद रहीं, उन्होंने पर्यटन मित्रों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में जस्ट रेवल से शुभांगी पाण्डेय, रोहन वर्मा, विभु भारद्वाज, पर्यटन अधिकारी सुरेश रावत, अभयारण्य कर्मचारी एवं अन्य लोग भी मौजूद रहे।

